R.N.I.NO UPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



### समाजवादी पार्टी की उपचुनाव को लेकर बैठक संपन्न, सांसद अवधेश प्रसाद बोले,जीतेगे सभी सीट

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर उपचुनाव को लेकर शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों, प्रभारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद, राम गोविंद चौधरी, राजेंद्र चौधरी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

वर्ष : 14 अंक : 263 | लखनऊ रविवार,07 जूलाई 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये

3 आपातकाल के समय कांग्रेस द्वारा.... | 6 शारदा सहायक नहर से अज्ञात .... | बाड़ीकान ड्रेस पहने दिखीं श्रद्धा .... 8

## किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जमीन कब्जाने वाले: योगी



गोरखपुर 06 जुलाई (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को शनिवार को गोरखपुर में सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं।मुख्यमंत्री आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक.एक करके इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं और कहा कि कि भूमाफियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।योगी ने इस दौरान करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या बताने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन .प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

## मोदी 3.0 का पहला बजट कब होगा पेश? सरकार ने बता दी तारीख

***केंद्रीय बजट, 2024-25 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी 3.0 सरकार का पूर्ण बजट पेश करेंगी। 1 फरवरी को संसद में अंतरिम बजट पेश किया गया।***



नई दिल्ली 06 जुलाई (एजेंसी)केंद्रीय बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। भारत के माननीय राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर, बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक संसद के दोनों सदनों को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट, 2024–25 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी 3.0 सरकार का पूर्ण बजट पेश करेंगी। 1 फरवरी को संसद में अंतरिम बजट पेश किया गया।केंद्रीय बजट 2024 की तारीखें सामने आई हैं, ऐसी उच्च उम्मीदें और अटकलें लगाई जा रही हैं कि वित्त मंत्री मोदी 3.0 सरकार के तहत करदाताओं के लिए कुछ लाभों की घोषणा कर सकते हैं। ऐसा ही एक अपेक्षित लाभ मानक कटौती सीमा में वृद्धि है, जिसके बारे में कई विशेषज्ञों का मानना घ्है कि यह लंबे समय से लंबित है।समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने दो सरकारी अधिकारियों के हवाले से बताया कि केंद्र केंद्रीय बजट में ग्रामीण आवास के लिए राज्य सब्सिडी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है, पिछले साल से इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ाकर 6.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने की उम्मीद है।

## सूरत में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरी पांच मंजिला इमारत, बिल्डिंग में थे 5-6 लोग, रेस्क्यू जारी

सूरत06 जुलाई (एजेंसी) गुजरात के सूरत में शनिवार को 6 मंजिला इमारत गिरने से कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है लेकिन इमारत ढहने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूरत के सचिन पाली गांव में शनिवार दोपहर एक 6 मंजिला इमारत गिरने से बड़ा हादसा हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलबे में 10 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गेहलोत ने कहा कि आज दोपहर करीब 3 बजे सचिन इलाके में एक छह मंजिला इमारत ढह गई। उस बिल्डिंग में रहने वाले कई लोग अंदर फंस गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची।पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मलबे में दबी एक महिला को सफलतापूर्वक बचाया गया।

## बसपा नेता की हत्या को लेकर बीजेपी ने डीएमके सरकार को घेरा, नड्डा ने कार्रवाई की मांग की

***भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी एक्स पोस्ट किया है। अपने पोस्ट में नड्डा ने लिखा कि के आर्मस्ट्रांग की जघन्य हत्या ने पूरे देश को गुस्से में डाल दिया है। एक उभरते नेता का जीवन, जो समाज के हाशिए पर मौजूद वर्गों को सशक्तबनाने के लिए समर्पित था, बेरहमी से खत्म कर दिया गया।***




तमिलनाडू 06 जुलाई (एजेंसी)तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार, 5 जुलाई को छह सदस्यीय गिरोह द्वारा हत्या किए जाने के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बसपा तमिलनाडु प्रमुख पर पेरम्बूर में उनके घर के पास दोपहिया वाहन सवार गिरोह ने हमला किया। गंभीर चोटें पहुंचाने के बाद हमलावर भाग गए। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इस बीच, चेन्नई पुलिस ने दस विशेष टीमें बनाईं और संदिग्धों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तलाश शुरू की। इस घटना की सभी राजनीतिक दलों ने निंदा की है। इन सब के बीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी एक्स पोस्ट किया है। अपने पोस्ट में नड्डा ने लिखा कि के आर्मस्ट्रांग की जघन्य हत्या ने पूरे देश को गुस्से में डाल दिया है। एक उभरते नेता का जीवन, जो समाज के हाशिए पर मौजूद वर्गों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित था, बेरहमी से खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। मैं टीएन सरकार से दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने का आग्रह करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि थिरु आर्मस्ट्रांग की हत्या ने समाज के गरीबोंऔर वंचित वर्गोंके प्रति द्रमुक–कांग्रेस की उपेक्षा की भी पुष्टि की है। जहरीली शराब त्रासदी से प्रभावित लोगों में से कई लोग समाज के इन वर्गों से भी थे। बेहतर होगा कि द्रमुक–कांग्रेस 24•7 क्षुद्र राजनीति में लिप्त रहने के बजाय दया दिखाएं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की घटना पर शनिवार को दुख जताया और कहा कि इस मामले के आरोपियों को मध्य रात्रि में गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आर्मस्ट्रांग की मौत से स्तब्ध और दुखी हैं।

## दिल्ली शराब घोटाले की सीबीआई जांच हुई पूरी

## केजरीवाल की भूमिका पर जांच एजेंसी ने दिया बड़ा अपडेट

***सीबीआई के अनुसार, वे आगे की जांच के लिए विशेष रूप से केजरीवाल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और अन्य आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ जांच लगभग समाप्त हो चुकी है। एजेंसी ने बताया कि सश्लिसिटर जनरल द्वारा दिए गए पिछले बयानों में केजरीवाल को छोड़कर सभी गिरफ्तार आरोपियों का संबंध था।***



नई दिल्ली 06 जुलाई (एजेंसी)केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने स्पष्ट किया है कि उसने उत्पाद शुल्क नीति मामले में अन्य सभी आरोपियों की भूमिका की जांच पूरी कर ली है, लेकिन वह अभी भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका की जांच कर रही है। यह अपडेट शनिवार को सीबीआई के वकील डीपी सिंह द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने कहा कि सीबीआई 4 जून के बाद के कुछ नए घटनाक्रमों के बारे में सुप्रीम कोर्ट को जानकारी देगी, जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई।सीबीआई के अनुसार, वे आगे की जांच के लिए विशेष रूप से केजरीवाल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और अन्य आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ जांच लगभग समाप्त हो चुकी है। एजेंसी ने बताया कि सॉलिसिटर जनरल द्वारा दिए गए पिछले बयानों में केजरीवाल को छोड़कर सभी गिरफ्तार आरोपियों का संबंध था।4 जून को सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों को स्वीकार कर लिया था कि जांच पूरी कर ली जाएगी और 3 जुलाई, 2024 तक अंतिम शिकायत और आरोप पत्र दायर किया जाएगा, जिसके बाद ट्रायल कोर्ट मुकदमा शुरू करने के लिए स्वतंत्र है। न्यायालय ने एक आदेश में कहा कि उक्त दलीलों के आलोक में और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि इस न्यायालय द्वारा 30 अक्टूबर, 2023 के आदेश द्वारा तय की गई श्6–8 महीनेश की अवधि समाप्त नहीं हुई है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के अनुसार याचिकाकर्ता को अंतिम शिकायतध् आरोपपत्र दाखिल करने के बाद अपनी प्रार्थना को नए सिरे से पुनर्जीवित करने की स्वतंत्रता के साथ इन याचिकाओं का निपटारा करना पर्याप्त होगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उ. प्र. टिम्बर एसोसिएशन द्वारा पौधा रोपण

लखनऊ,06 जुलाई (एजेंसी) आज उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वन मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना के द्वारा की गई अपील के तहत ष्एक पौधा मां के नामष अभियान की शुरुवात की गई। प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि लखनऊ, अमरोहा, मेरठ,बिजनौर,मुरादाबाद,हरदोई,अयोध्या,अंबेडकरनगर,उन्नाव,सुल्तानपुर सहित सभी जिलों के पदाधिकारियों और टिम्बर व्यापारियों द्वारा अपनी अपनी प्लाईवुड, विनियर,आरा मशीन इकाई में अपनी मां के नाम से नीम,जामुन,शीशम,अमरूद सहित तमाम तरह के पौधे लगाए गए।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में कनिष्क नारायण के ब्रिटेन की संसद में पहुंचने पर खुशी का माहौल



मुजफ्फरपुर06 जुलाई (एजेंसी) ब्रिटेन के संसदीय चुनाव में ऋषि सुनक के सत्ता से बाहर होने से बहुत से भारतीयों को भले ही निराशा हुई हों, लेकिन बिहार के मुजफ्फरपुर में धरती के लाल कनिष्क नारायण की सफलता पर खुशी का माहौल है। ब्रिटेन में करीब डेढ़ दशक बाद सत्ता में लौटी लेबर पार्टी के सांसद कनिष्क नारायण की जड़ें मुजफ्फरपुर जिले से जुड़ी हुई हैं। मुजफ्फरपुर स्थित श्री कृष्ण विधि महाविद्यालय के निदेशक जयंत कुमार ने कहा, हमारे आवास में माहौल खुशनुमा है, जहां कई लोगों ने कनिष्क को एक बच्चे के रूप में देखा है।

जयंत कुमार के छोटे भाई संतोष, 'वेले ऑफ ग्लैमरगन' का प्रतिनिधित्व करने वाले 33 वर्षीय सांसद नारायण के पिता हैं। नारायण ने ब्रिटिश सिविल सेवाओं में अपना करियर छोड़ने के बाद राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा। गर्वित चाचा जयंत कुमार ने कहा, हम वैशाली जिले के गोरौल प्रखंड के एक गांव से हैं। कानून के प्रति जुनून हमारे रगों में है। हमारे दिवंगत पिता कृष्ण कुमार ने यहां विधि महाविद्यालय की स्थापना की थी। उन्होंने याद किया कि कनिष्क का जन्म मुजफ्फरपुर में हुआ था और उसने तीसरी कक्षा तक स्थानीय स्कूल में पढ़ाई की थी। जयंत कुमार ने कहा, इसके बाद उनके माता–पिता दिल्ली चले गए। जब घ्वह 12 साल के थे, तब वे (वह और उनके माता–पिता) कार्डिफ चले गए। उनके पिता और मां चेतना सिन्हा दोनों ही ब्रिटेन में वकालत करते थे। उन्होंने कहा, हमारे देश और ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासियों के प्रति लेबर पार्टी के नरम रुख को देखते हुए हम ब्रिटेन और भारत के बीच बेहतर संबंधों की उम्मीद करते हैं।

## उ0प्र0 विधानसभा उप चुनाव के लिये भाजपा तैयार कर रही है नया रोडमैप

***गौरतलब हो, बीजेपी आलाकमान लोकसभा में यूपी से मात्र 33 सीटें आने के बाद सभी लोकसभा सीटों पर स्पेशल टीम भेजकर अपनी रिपोर्ट तैयार करा चुकी है। यह रिपोर्ट केंद्रीय मुख्यालय को भेजी भी जा चुकी है।***




लखनऊ06 जुलाई (एजेंसी) उत्तर प्रदेश में दस विधान सभा सीटों के उप–चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और योगी सरकार वह सब खामियां दूर कर लेना चाहते हैं जिसकी वजह से लोकसभा चुनाव में पार्टी और मोदी–योगी की काफी किरकिरी हुई थी। लोकसभा चुनाव में यूपी में सीटें कम होने के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष गत दिवस 05 जुलाई लखनऊ पधार चुके हैं। संतोष लोकसभा चुनावों में सीटें कम होने के बाद पहली बार यूपी आये हैं। वह अपने दौरे में न केवल सरकार और संगठन के काम की थाह ले रहे है बल्कि लोकसभा चुनाव में जिन सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी की हार हुई है, उनकी समीक्षा भी कर रहे हैं। वह संगठन के पदाधिकारियों के साथ सरकार के मंत्रियों के साथ भी बात करेंगे।गौरतलब हो, बीजेपी आलाकमान लोकसभा में यूपी से मात्र 33 सीटें आने के बाद सभी लोकसभा सीटों पर स्पेशल टीम भेजकर अपनी रिपोर्ट तैयार करा चुकी है। यह रिपोर्ट केंद्रीय मुख्यालय को भेजी भी जा चुकी है। इस रिपोर्ट के केंद्रीय मुख्यालय पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय स्तर का कोई पदाधिकारी पहली बार भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आया है। बीएल संतोष आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान उनके द्वारा हारी हुई सीटों और 8.5 फीसदी वोट शेयर कम होने को लेकर एक–एक सीट की पड़ताल की जा रही है। इस पर बात करने के लिए क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ क्षेत्रीय प्रभारियों और प्रदेश पदाधिकारियों को बुलाया गया है। संतोष सरकार के मंत्रियों से भी बात करेंगे। यूपी सरकार में शामिल 16 मंत्री अपना ही क्षेत्र नहीं जिता सके थे। इसकी भी रिपोर्ट केंद्रीय मुख्यालय को भेजी गई है।सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की इस बैठक में रिपोर्ट में आए नतीजों के हिसाब से सरकार और संगठन में बदलाव पर भी मंथन होगा। वह सरकार के कामकाज भी भी समीक्षा करेंगे। सूत्रों के अनुसार जितिन प्रसाद के मंत्री और अनूप वाल्मीकि के सांसद बन जाने के बाद सरकार में दो मंत्री बनाए जा सकते हैं। कुछ मंत्रियों के विभाग भी बदले जा सकते हैं। इसके अलावा कई जिलों से संगठन के भी सहयोग न करने की जानकारी सामने आयी है। कुछ जिलों में भितरघात की भी शिकायतें सामने आयी हैं। इस वजह से उनमें भी बदलाव किया जा सकता है।

## बंगाल की 4 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव



नई दिल्ली 06 जुलाई (एजेंसी)10 जुलाई को पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में भाजपा का सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से मुकाबला होगा। मानिकतला, रायगंज, राणाघाट दक्षिण और बागदाह विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को उपचुनाव होने जा रहे हैं। इनमें से तीन विधानसभा क्षेत्रों– रायगंज, राणाघाट दक्षिण और बागदाह में भाजपा विधायकों ने पार्टी बदल ली और टीएमसी में शामिल हो गए और हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में हार गए। विधानसभा क्षेत्र मानिकतला, पारंपरिक रूप से कांग्रेस की सीट है, जिसे हाल के चुनावों में टीएमसी के गढ़ के रूप में देखा गया था। हालांकि, पांडे की मृत्यु के महीनों बाद भी इस सीट पर उपचुनाव नहीं हो सका, क्योंकि भाजपा उम्मीदवार कल्याण चौबे ने मतदान में अनियमितता का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की थी।

## सुनिता केजरीवाल को न्यायपालिका पर संदेह पैदा करते देखना चौंकाने वाला है - वीरेंद्र सचदेवा



नई दिल्ली06 जुलाई (एजेंसी) दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सुनीता केजरीवाल वास्तव में आम आदमी पार्टी की स्टार मैनिपुलेटर बन गई हैं क्योंकि समय के साथ उन्होंने कहानी सुनाने की कला में महारत हासिल कर ली है जैसे उनके पति अरविंद केजरीवाल और अन्य पार्टी सहयोगियों ने किया है।आम आदमी पार्टी द्वारा सुनीता केजरीवाल की ओर से जारी किए गए रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में चौंकाने वाले बयान दिए गए हैं। यह चौंकाने वाला है कि सुनीता केजरीवाल न्यायपालिका को संदेह के घेरे में खड़ा कर रही हैं।दिल्ली के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि यह एक मुख्यमंत्री की पत्नी द्वारा जारी किया गया वीडियो है जो स्वयं वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रह चुकी हैं।यह आश्चर्यजनक है कि वह न्यायपालिका पर संदेह कर रही हैं क्योंकि अपनी कहानी सुनाने के दौरान वह बार–बार कहती हैं कि अदालत ने तीन बार सांसद एम.एस. रेड्डी के बेटे को जमानत देने से इनकार कर दिया जब उसने बार–बार अपना मूल सत्य बयान दिया लेकिन 2023 में एम.एस. रेड्डी पारिवारिक दबाव के कारण झुक गए और बयान बदल दिया ।

# मुंशी नवल किशोर ने प्राच्य अध्ययन और सुलेख के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः कुतुबुल्लाह






लखनऊ, 6 जुलाई (प्रेस विज्ञप्ति) उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के वित्तीय सहयोग से ष्सालार मिल्लत एजुकेशनल वेलफेयर एंड सोशल सोसाइटीष द्वारा यूपी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में ष्उर्दू सुलेख के प्रचार–प्रसार में मुंशी नवल किशोर का योगदानरू एक जायजाष विषय पर गोष्ठी हुई। सेमिनार की अध्यक्षता प्रसिद्ध पत्रकार एवं स्तंभकार कुतुबुल्लाह ने की। उन्होंने कहा कि मुंशी नवल किशोर ने प्राच्य विज्ञान और सुलेख के प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि मुंशी जी अपने पूर्ववर्तियों की महान वैज्ञानिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और विस्तार के लिए हमेशा चिंतित रहते थे। मुख्य अतिथि डॉ. अकबर अली ने कहा कि मुंशी नवल किशोर का प्रयास एक व्यावसायिक संगठन से आगे बढ़कर एक बौद्धिक आंदोलन, सामूहिक आदर्शों की प्राप्ति के लिए शैक्षणिक और सांस्कृतिक परंपरा के स्तर पर निरंतर संघर्ष का केंद्र बन गया था। मुख्य अतिथि मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने कहा कि मुंशी जी अपने धार्मिक मौलिक मूल्यों के साथ–साथ अन्य धर्मों के प्रति भी सहिष्णु थे और इसे अपने व्यावसायिक मिशन से जोड़कर सभी को लाभ पहुंचाने में सक्रिय थे। उन्होंने सलाह दी कि उर्दू सुलेख को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है, इसलिए उर्दू अकादमी समेत अन्य संस्थाओं को कंप्यूटर की बजाय कुछ ऐसी किताबों को सम्मान देना चाहिए जो लिखकर छापी गई हों। विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान मौलाना जकी नूर अजीम नदवी ने कहा कि मुंशी नवल किशोर भारतीय सभ्यता और संस्कृति के सच्चे प्रतिनिधि और प्रवक्ता थे। उन्होंने लोगों को रोजगार से जोड़कर और खुशहाली को बढ़ावा देकर किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। यूपी उर्दू अकादमी के पूर्व अधीक्षक मुआज अहसान अख्तर ने कहा कि ऐसे विषय पर सेमिनार आयोजित करने के लिए संस्था और यूपी उर्दू अकादमी बधाई की पात्र है। उन्होंने बताया कि हमीदिया गर्ल्स कॉलेज में अकादमी द्वारा आयोजित सुलेख पाठ्यक्रम में बड़ी संख्या में लड़कियाँ सुलेख सीख रही हैं, इसके अलावा अकादमी द्वारा अन्य कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। थीसिस लेखक मेराजुल हसन नदवी, राशिद खान और अशरफ फिरदौसी नदवी ने उपरोक्त विषय पर एक व्यापक थीसिस प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल्लाह अवाब ने कुरआन की तिलावत से की। कार्यक्रम में मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने महत्वपूर्ण हस्तियों और शोधार्थियों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के संचालन का दायित्व वरिष्ठ पत्रकार गफरान नसीम ने निभाया। अंत में संस्था के महासचिव तमीम कासिम ने सभी को धन्यवाद देते हुए इस बात पर जोर दिया कि मुंशी नवल किशोर के बिखरे हुए लेखों को संकलित कर प्रकाशित किया जाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी उनके लेखन से लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर फुरकान अहमद उर्फ मखमौर काकोरवी, सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद खालिद, नदीम कासिम, आसिफ गाजी, ताबिश मंसूरी, डॉ. अमानत अली, शेख हमद, अमर खान, अदनान शमीम, अब्दुल रहमान नदवी, एडवोकेट उमर नदवी, अब्दुल मजीद, मुहम्मद बिलाल शेख, तौकीर कदवई के अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय के कई शोधार्थी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छोटी-मोटी गिरफ्तारियां कर सैकड़ों लोगों की मौत से जिम्मेदारी का पल्ला झाड़ना चाहता है प्रशासनः अखिलेश यादव



लखनऊ(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि अगर हाथरस में हुई भगदड़ की घटना में प्रशासनिक चूक से सबक नहीं लिया गया तो भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं और होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार भगदड़ की घटना में मामूली गिरफ्तारियां करके अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है। बता दें कि जिले के फुलरई गांव में 2 जुलाई को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उप्र शासन–प्रशासन 'हाथरस हादसे' में अपनी नाकामी छुपाने के लिए, छोटी–मोटी गिरफ्तारियाँ दिखाकर सैकड़ों लोगों की मौत से अपनी जिम्मेदारी का पल्ला झाड़ना चाहता है। अगर ऐसा हुआ तो इसका मतलब ये निकलेगा कि इस तरह के आयोजन में हुई शासनिक–प्रशासनिक विफलता से किसी ने कोई सबक नहीं लिया और ऐसी दुर्घटनाएं भविष्य में भी दोहरायी जाती रहेंगी। शासन–प्रशासन किसी खास मंशा से व्यर्थ में ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर रहा है, जो मूल आयोजन स्थल से दूर थे और गिरफ्तारी के बाद उनको ही दोषी ठहराये जाने की तैयारी कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि ये गिरफ्तारियाँ स्वयं में एक षड्यंत्र हैं। इन गिरफ्तारियों की तुरंत न्यायिक जांच हो, जिससे उप्र की भाजपा सरकार का खेल जनता के सामने लाया जा सके। अगर भाजपा सरकार ये कहती है कि ऐसे आयोजन से उसका कोई लेना–देना नहीं था, तो फिर भाजपा सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं। इस कार्यक्रम में आये अधिकांश गरीब लोग दुखी, शोषित, पीड़ित, वंचित, दमित थे, इस आधार पर इसका मतलब तो ये भी निकलता है कि ऐसे लोगों से भाजपा सरकार का कोई सरोकार नहीं है। जबकि सबसे पहले सरकार का ध्यान ऐसे लोगों की तरफ ही जाना चाहिए। सपा प्रमुख ने अपने पोस्ट के साथ एक पत्र भी साझा किया, जिसमें मैनपुरी जिले के निवासी अंकित यादव ने लिखा था कि उसके पिता (रामलड़ैते यादव) को भगदड़ की घटना के सिलसिले में गलत तरीके से फंसाया गया है और उसके पिता का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस में हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया, जो इस संभावना की भी जांच कर रहा है कि धार्मिक सभा में मची भगदड़ के पीछे कोई साजिश तो नहीं थी।

# योगी की नजर टेढ़ी, भू माफियाओं की खैर नहीं

## किसी के साथ नही होगी नाइंसाफी

लखनऊ,06 जुलाई 2024 (यूएनएस)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को



सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं।उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक–एक कर सबकी सुनीं। करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। सीएम से मिलकर समस्या बताने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही।जनता दर्शन में महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार करने पहुंचे लोंगो को सीएम योगी ने आश्वस्त और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री ने अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य है। हर व्यक्ति की समस्या का प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं।अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान करें। पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर समस्या का समाधान करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भूलने के बजाय सीख लें तो शायद न हो पुनरावृत्ति

लखनऊ,। बड़े–बड़े हादसे हो जाते हैं और जिम्मेदार अफसर और हूकूमत में बैठे लोग सीख लेकर भावी पुख्ता रणनीति नही बनाते,जिसकी वजह से पुनरावृत्ति होती है। हाथरस की घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। सवा सौ के करीब जाने गई और तमाम अस्पताल में हैं। हाथरस की घटना ने लोगों को हतप्रभ कर रखा है,पर ऐसा हादसा पहली बार नहीं हुआ है।ऐसे बड़े कार्यक्रम, रैलियां होती हैं जिनमें में कई बार भीड़ को संभालना मुश्किल हो जाता है,स्थिति बेकाबू हो जाती हैं। हाथरस जैसी घटना पहली बार नहीं हुई है। इस तरीके की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। भीड़ बेकाबू हो जाती है और मासूम लोग भीड़ का हिस्सा बनकर जान गंवा देते हैं। सवाल उठता है कि इस तरीके के कार्यक्रमों में भीड़ जुटाने वाले लोगों पर क्या कार्रवाई हुई हैं? जिम्मेदार पुलिस और प्रशासन कार्यक्रमों के पहले उचित व्यवस्थाएं क्यों नहीं करता है? याद होगा जब 2002 में लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की रैली के बाद लखनऊ चारबाग स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी। इस रैली के बाद हजारों की संख्या में स्टेशन पहुंचे लोगों को अलग–अलग ट्रेनों से अपने–अपने घर जाना था । अचानक से कई ट्रेनों का प्लेटफार्म बदल दिया गया, प्लेटफार्म बदलने से स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी और इस हादसे में 12 लोग की जान चली गई थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। वहीं2004 में साड़ी बंटने के दौरान भगदड़ हुई थी।पूर्व मंत्री और भाजपा नेता स्वर्गीय लाल जी टंडन के जन्मदिन के अवसर पर 12 अप्रैल 2004 को लखनऊ के महानगर के चंद्रशेखर आजाद पार्क में साड़ी वितरण कार्यक्रम था। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ बेकाबू हो गई थी और 22 महिलाओं की मौत हो गई थी।

# मेदांता अस्पताल लखनऊ में स्वास्थ्य जागरूकता से सम्बंधित परिचर्चा आयोजित

दिनांक 6 जुलाई 2024 को कॉन्फ्रेंस हॉल, 6वीं मंजिल, मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं एएमयू ओल्ड बॉयज (एलुमनी) एसोसिएशन लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मेटाबोलिक सिंड्रोम एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. रुचिता शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन (मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ) विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। डॉ शर्मा ने प्रस्तुत प्रेजेंटेशन में हायपर टेंशन एवं मधुमेह से सम्बंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि डायबिटीज से डरने के स्थान पर उसका मुकाबला करना चाहिए एवं नियमित रूप से दवा लेते हुए शुगर लेविल को कंट्रोल रखना चाहिए। उन्होंने नियमित रूप से मार्निंग वॉक तथा योगा की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा अपने लाइफस्टाइल नियंत्रित रखना अत्यधिक आवश्यक है।यह जानकारी देते हुए अमूबा की मानद सचिव शहला हक ने बताया कि इस चर्चा के बाद मुफ्ष्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध थी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं को दूर करते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मेदांता अस्पताल लखनऊ एवं ए एम यू ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन लखनऊ के मध्य एक अनुबंध भी निष्पादित किया गया जिसके अन्तर्गत अमूबा सदस्यों को मेदांता अस्पताल में इलाज कराने पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# सीएमएस छात्रों ने वृक्षारोपण कर 'हरी-भरी धरती' का जगाया अलख

लखनऊ(संवाददाता)। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्रों ने 'वन महोत्सव सप्ताह' के अन्तर्गत आज अपने विद्यालय परिसर के आसपास वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा एवं हरी–भरी धरती का अभूतपूर्व अलख जगाया और जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। वृक्षारोपण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रख्यात पर्यावरणविद् डा. हीरा लाल, आई.ए.एस., विशेष सचिव, सिंचाई, उ.प्र. ने वृक्ष रोपित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. हीरा लाल ने कहा कि युवा पीढ़ी का सामूहिक प्रयास पर्यावरण संवर्धन हेतु जनमानस के विचारों एवं जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। उन्होंने सी.एम.एस. छात्रों की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. के छात्र पढ़ाई में तो अव्वल हैं ही, साथ ही सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों में भी अग्रणी हैं। इस वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्रों ने जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वयं भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्रों ने खासतौर पर फल देने वाले व छाया देने वाले वृक्षो को रोपित किया, जो आगे चलकर पक्षियों व जानवरों को भोजन व आश्रय दोनों उपलब्ध करायेंगे। इसके अलावा, पर्यावरण को स्वच्छ करने वाले पौधे, चिकित्सकीय पौधे और खासकर ऑक्सीजन की मात्रा में वृद्धि करने वाले पौधे विशेष रूप से रोपित किये गये। सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. छात्र पर्यावरण के प्रति बेहद जागरूक हैं एवं पर्यावरण, स्वच्छता, जल संरक्षण, उर्जा संरक्षण इत्यादि में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। सी.एम.एस. के जन–सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि 'वन महोत्सव सप्ताह' के अन्तर्गत सी.एम.एस. के सभी 21 कैम्पसों में वृक्षारोपण समेत विभिन्न कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गोमती नगर विस्तार स्थित सी.एम.एस. शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस में भी प्रधानाचार्या सुश्री प्रियंका अग्रवाल की अगुवाई में वृक्षारोपण अभियान आयोजित हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने बड़े उत्साह से पौधे रोपे, उनकी निराई–गुड़ाई कर पानी दिया एवं इन पौधों के बड़े होने की कामना की। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. का मानना है कि पर्यावरण की समस्या किसी एक राष्ट्र की नहीं वरन समस्त विश्व की है और यह सारी मानवजाति को प्रभावित करती हैं। ऐसे में, भावी पीढ़ी को पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूक बनाना अत्यन्त आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन युवा एवं किशोर पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता व अनिवार्यता से तो अवगत कराते हैं, साथ ही उनमें हरी–भरी प्रदूषण मुक्त धरती के प्रति ललक व आत्मविश्वास भी जगाते हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ,06 जुलाई 2024 (यूएनएस)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के सौजन्य से महाविद्यालय के सभागार में दिनांक 06 जुलाई 2024 शनिवार को तनाव प्रबंधन से संबंधित मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग तथा एनएसएस इकाई के तत्वावधान में किया गया,

जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा संचालन मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अभय सिंह, मनोचिकित्सक, डॉ गरिमा सिंह, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की चर्चा की, तनाव प्रबंधन कैसे किया जा सकता है इस संबंध में उन्होंने बताया कि हमें जीवन में वास्तविक लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए,

# मंत्री कपिल देव के बयान पर शाहनवाज आलम ने जताई नाराजगी



लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कांवड़ मेलों में मुस्लिम व्यापारियों को हिंदू देवी–देवताओं के नाम पर दुकान न लगाने का एक बयान दिया है। कपिल देव अग्रवाल के इस बयान पर अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने नाराजगी जताई और इसकी कड़ी निंदा की। शाहनवाज आलम ने कहा कि मंत्री का बयान संविधान विरोधी है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंत्री कपिल देव अग्रवाल को पद से हटाने की मांग की है।कांग्रेस मुख्यालय से जारी बयान में शाहनवाज आलम ने कहा कि जिन मंत्रियों को संविधान की जानकारी नहीं है या जो उसकी भावनाओं के विपरीत सोच रखते हैं उन्हें अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री कपिल देव अग्रवाल का यह बयान संविधान के उस अनुच्छेद के विरुद्ध है, जो हर किसी को अपनी इच्छा से अपना व्यापार करने का अधिकार देता है और जिसमें अपनी इच्छा से ही अपने प्रतिष्ठान का नाम रखने का अधिकार भी निहित है। वहीं संविधान धर्म, जाति और नस्ल के आधार पर भेदभाव को निषिद्ध करता है। इसलिए उनका बयान संविधान विरोधी है।शाहनवाज आलम ने आगे कहा कि योगी सरकार के मंत्री का बयान कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम दुकानदारों के खिलाफ हिंसा का माहौल बनाने की साजिश का हिस्सा है। ऐसे में अगर कोई हिंसा होती है ।

# छात्रों ने सोशल मीडिया में आवाज उठाई नीट यूजी पेपर रद्द करने की मांग राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की अपील




लखनऊ(संवाददाता)। छात्रों ने आज सोशल मीडिया में नीट यूजी पेपर रद्द करने को लेकर आवाज उठाई। बिहार आर्थिक अपराध शाखा व सीबीआई की अब तक हुई जांच में पेपर लीक के पर्याप्त सबूत हैं, तब सवाल उठता है कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में किस आधार पर यह दावा कर रही है कि नीट यूजी परीक्षा में गोपनीयता का व्यापक स्तर पर उल्लंघन नहीं हुआ है। अगर केंद्र सरकार के इस दावे को सच भी मान लिया जाए कि गोधरा व पटना के परीक्षा केंद्रों में गड़बड़ी हुई है तब भी तो परीक्षा की शुचिता भंग हुई। ऐसे में पेपर लीक व धांधली से सफल हुए छात्रों को डिबार करना कैसे संभव होगा, क्या इन परीक्षा केंद्रों में शामिल छात्रों के लिए पुनर्परीक्षा आयोजित की जाएगी, इसका कोई ठोस जवाब केंद्र सरकार के पास नहीं है। सरकार के इस तर्क का भी कोई औचित्य नहीं है कि पेपर रद्द करने से मेधावी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। पूर्व में तमाम परीक्षाओं को पेपर लीक होने के आधार पर इसलिए रद्द किया गया, क्योंकि परीक्षा की शुचिता भंग हुई। हाल में ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा के पहले पेपर लीक होने की जानकारी के आधार पर यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती व समीक्षा अधिकारी,सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षाएं पेपर लीक के सबूत मिलने के बाद रद्द की गईं। दरअसल नीट यूजी पेपर लीक व धांधली प्रकरण में शुरू से ही शिक्षा माफियाओं, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और भ्रष्टाचार में लिप्त प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। युवा मंच ने नीट यूजी काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने के निर्णय को आंदोलन के चौतरफा दबाव का नतीजा बताया और उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट से छात्रों को न्याय मिलेगा। सोशल मीडिया में चलाई गई मुहिम में युवा मंच संयोजक राजेश सचान, अध्यक्ष अनिल सिंह, अमित द्विवेदी आजाद, अग्रवाल, विपिन गुप्ता, राहुल वर्मा, प्रशांत पाल समेत सैकड़ों छात्र व युवा शामिल रहे।

# मरीज केंद्रित सेवा देने का संकल्प लेकर स्व राम उजागिर पाडे को श्रद्धांजलि दें फार्मेसिस्ट : सुनील यादव

लखनऊ(संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक महामंत्री फार्मेसी रत्न स्व राम उजागिर पांडेय की 21वी पुण्यतिथि पर आज प्रदेश के फार्मेसिस्टों ने उनके बताए सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि देश में फार्मेसी को और अपग्रेड करने की जरूरत है, हम मरीज केंद्रित सेवा देकर रोगों से बचाव, पहचान और इलाज के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने का संकल्प लेते हैं। स्वः राम उजागिर पांडे जी ने विकसित भारत में विकसित फार्मेसी का सपना देखा था , जिसे पूरा करना हम सभी का कर्तव्य है। फेडरेशन लगातार विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों , गोष्ठियों के माध्यम से फार्मेसिस्टो को फार्मेसी की नई जानकारियां से अपडेट कर रहा है, वहीं विभिन्न विधाओं संस्थानों के फार्मेसिस्टो के मध्य बॉन्डिंग (एकता) स्थापित करने का सतत प्रयास कर रहा है। आज बलरामपुर चिकित्सालय, सिविल, लोकबंधु सहित सभी चिकित्सालयों में फार्मेसिस्टो ने स्व राम उजागर पांडे जी को याद किया, उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सिविल अस्पताल में प्रभारी अधिकारी फार्मेसी शिव जी कुशवाहा ने स्व पांडे जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। चीफ फार्मेसिस्ट, फार्मेसिस्ट सहित फार्मेसी प्रशिक्षुओं ने भी पुष्पांजलि दी। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि स्व पांडे जी ने उत्तर प्रदेश के फार्मेसिस्टो को संगठित करने का कार्य किया, प्रदेश में फार्मेसी की शिक्षा शुरू होने के पश्चात फार्मेसी व्यवसाय और फार्मेसिस्टों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाने का पूरा श्रेय स्वर्गीय पांडे जी को जाता है। फेडरेशन के संरक्षक के के सचान, जिला अध्यक्ष शशि देवी सचान, जिला सचिव जी सी दुबे ने कहा कि स्व पांडेय जी ने फार्मेसी छात्रों को एकजुट करके संघर्ष की शुरुवात की थी और संघ का गठन किया था। सतत संघर्ष करते हुए फार्मासिस्ट संवर्ग में चीफ फार्मेसिस्ट से लेकर संयुक्त निदेशक तक के पद सृजित कराये। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार ने स्व पांडेय को एक कुशल रणनीतिकार के साथ अच्छा साहित्यकार भी बताया। उपाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि पांडेय जी के लिखे गए पत्रो का संकलन करने से संघ को बहुत लाभ हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें.......

### अविवि के वोकेशनल व पीजी डिप्लोमा की सेमेस्टर परीक्षा 12 से

अयोध्या(एजेंसी)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेंगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02 बजे से सायं 05 बजे तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक, वोकेशनल स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा की सम सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में 12 से शुरु हो रही है, जो 19 जुलाई तक चलेगी। कुलपति के निर्देश पर परीक्षा के सफल संचालन के लिए केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु आमंत्रित किए गए अनूप व ऋचा





अयोध्या(एजेंसी) । बेसिक शिक्षा विभाग के दो कर्मठ अध्यापक अनूप मल्होत्रा एवं ऋचा उपाध्याय राज्य स्तर पर आयोजित आईसीटी प्रतियोगिता हेतु आमंत्रित किए गए हैं । राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ पवन सचान ने प्रदेश के सभी जिलों से चयनित शिक्षकों को सूची जारी कर दिनांक 9 से 12 जुलाई के मध्य आमंत्रित किया है। जनपद अयोध्या के श्री मल्होत्रा एवं श्रीमती उपाध्याय के चयन होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की है । उक्त दोनों शिक्षक दिनांक 11 जुलाई को लखनऊ में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विद्यालयों में डिजिटल साधनों से मिली गुणवत्ता प्राप्ति एवं अधिगम विकास पर अपना प्रस्तुतिकरण राज्य स्तर पर गठित ज्यूरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। श्री मल्होत्रा हैरिंगटनगंज विकासखण्ड के पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय पारातापुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं, वहीं श्रीमती उपाध्याय अमानीगंज विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बवां में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है। दोनों शिक्षकों के चयन होने पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं अन्य प्रवक्ता गण खंड शिक्षा अधिकारी, स्काउट गाइड पदाधिकारी एवं शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### अवध विवि से डा. अभिनव मिश्र ने शोध कार्य पूरा किया

अयोध्या(एजेंसी)। शहर के फतेहगंज खीरगली निवासी वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन मिश्र के पुत्र डॉ. अभिनव मिश्र ने पीएचडी की उपाधि पूरी कर ली है। डॉ. मिश्र ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व के तहत 'बौद्ध धर्म के शैक्षणिक एवं नैतिक मूल्यों का महत्व' विषय पर शोध पूरा किया है। डॉ. मिश्र ने शोध कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन और प्रो. राजेश सिंह के निर्देशन में पूरा किया है। इस उपलब्धि पर जिला जज राकेश कुमार यादव, प्रो. रजवंत राव, पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन, वरिष्ठ पत्रकार हरिकृष्ण अरोड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार खत्री,राजेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार राममूर्ति यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य करुणाकर पांडे, अधिवक्ता पवन तिवारी,डॉ. सुरेंद्र प्रताप यादव, तुषार श्रीवास्तव, अंकुज सिंह (शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक), श्रीकांत मिश्र, आलोक शर्मा, शिवांश कीर्ति शेखर पांडेय, अतुल मिश्र, अनूप मिश्रा व अन्य ने बधाई दी है।

### बलगम व टीबी मरीजों की ओपीडी बढ़ाने के निर्देश

अयोध्या(एजेंसी)। जिला स्वास्थ्य समिति ने जिले के सभी चिकित्सालयों को अधिक से अधिक बलगम परीक्षण व ओपीडी बढ़ा पीटीआर में इजाफा करने के लिए निर्देशित किया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि समिति की तरफ से जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, 100 शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज, श्रीराम चिकित्सालय एवं समस्त अधीक्षक को इसका आदेश दिया गया है। टीबी नोटीफिकेशन स्टेट द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पाया गया कि स्टेट द्वारा निर्धारित मानक 100 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद की उपलब्धि 100 प्रतिशत है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन, खंडासा, हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर व अन्य टीबी यूनिट को मानक से बहुत कम पाया गया है। सभी अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि अपने–अपने नोटीफिकेशन मानक के अनुरूप कार्य करें। डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि एचआईवी स्टेट द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके अलावा यूडीएसटी स्टेट द्वारा निर्धारित मानक, आउटकम के लिए भी अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है।

## आपातकाल के समय कांग्रेस द्वारा किए गए अत्याचारों से जनता को अवगत कराएगी भाजपा : कमलेश

### -तहसील स्तपर की गोष्ठी का किया जाएगा आयोजन



अयोध्या(एजेंसी)। भाजपा आपातकाल के समय कांग्रेस द्वारा जनता पर किए गए अत्याचारों से जनता को अवगत कराएगी। इसके लिए तहसील स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की योजना–रचना के बारे में मंथन किया गया। 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह मनाया जाएगा। एक वृक्ष मॉ के नाम, तथा विधान सभा स्तर पर प्रबुद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जिस प्रकार संविधान को लेकर भ्रम फैलाया। कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू कर लोगों के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त कर दिया था। विपक्षी नेताओं को बिना अपराध जेलों में बंद कर दिया। उस दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए अत्याचारों से जनता को अवगत कराया जाएगा। जिसके लिए तहसील स्तर पर संगोष्ठी की जाएगी। 8 जुलाई को पूरा बाजार में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 6 जुलाई को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह में पार्टी कार्यालय सहादतगंज में संगोष्ठी तथा 11 जुलाई को प्रबुद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। एक वृक्ष मा के नाम अभियान के तहत बूथ स्तर पर पौधारोपण कर कार्यकताओं द्वारा संरक्षण व संर्वधन की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से डा राकेश मणि त्रिपाठी, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र कोरी, प्रतीक श्रीवास्तव, रामकुमार सिंह राजू, बालकृष्ण वैश्य, शशि प्रताप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, वरूण चौधरी, लक्ष्मण वर्मा, मुकेश तिवारी, अवनीश द्विवेदी, स्वपनिल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र वर्मा, राजेश पाठक सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोकायुक्त में की गई भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच करने मेडिकल कालेज पहुचे हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष

अयोध्या(एजेंसी)। लोकायुक्त में अयोध्या मेडिकल कॉलेज को लेकर की गई शिकायत की जांच के लिए बनाई गई हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष राम भरत त्रिपाठी गुरुवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के दो वरिष्ठ अफसरों के साथ गोपनीय बैठक की। वार्डों का निरीक्षण किया। इसके बाद रामलला का दर्शन कर लखनऊ लौट गए।लोकायुक्त में लगभग तीन माह पहले सिद्धार्थनगर के रहने वाले सतीश चंद्र ने राजर्षि दशरथ राज्य चिकित्सालय के प्रधानाचार्य के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि प्रधानाचार्य ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच के लिए मशीनें ली हैं। इसमें उन्होंने भ्रष्टाचार किया। निजी अस्पतालों के साथ मिलीभगत करके आईसीयू बंद कर दिया। वार्ड ब्वॉय की भर्ती में एक–एक लाख रुपये लेने का आरोप भी लगाया था। शिकायतकर्ता ने दवाइयों से लेकर हर मामले में प्रधानाचार्य पर भ्रष्टाचार पर आरोप लगाया। इसके बाद लोकायुक्त प्रशासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराने का निर्देश दिया था। प्रमुख सचिव ने एडिशनल डायरेक्टर डीजीएमई लखनऊ राम भरत त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय हाई पावर कमेटी गठित की थी। प्रमुख सचिव ने जांच कर 24 मई तक रिपोर्ट देने के लिए भी कहा था।हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष के पहुंचने के बाद यह चर्चा आम हो गई कि हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष लोकायुक्त में शिकायत की जांच करने पहुंचे थे। इस मुद्दे पर मेडिकल कॉलेज का कोई भी अफसर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि त्रिपाठी यहां लोकायुक्त की जांच के लिए ही आए थे। उन्होंने सबसे पहले वार्डों और मेडिकल कॉलेज के मशीन कक्षों का निरीक्षण किया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार और सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह के साथ नए भवन में ही गोपनीय बैठक की। इस बैठक में मेडिकल कॉलेज का कोई दूसरा अधिकारी शामिल नहीं था। अंदर किन–किन मुद्दों पर चर्चा हुई इसके कयास लगाए जा रहे हैं। उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं महेंद्र कुमार सिंह भी पहुंचे थे। चर्चा है कि शिकायत में दर्शाए गए बिंदुओं के मुताबिक ही मेडिकल कॉलेज परिसर में उनका निरीक्षण था। इस बाबत मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य से संपर्क करने का कई बार प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अफसर श्री त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। वो उनसे मिलने व रामलला के दर्शन करवाने के वो वहां पहुंचे थे। जांच व दूसरे बिंदुओं पर उनको जानकारी नहीं है।

## मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी शुरू

### -प्रदेश महामंती संगठन धर्मपाल ने मिल्कीपुर के सभी मंडलों शक्तिकेन्द्र के पदाधिकारियों के साथ की बैठक




अयोध्या(एजेंसी)। मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने मिल्कीपुर के सभी मंडलों शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कुमारगंज व अमानीगंज मंडल की बैठक चंद्रबली सिंह इंटर कालेज, हैरिंग्टनगंज व कुचेरा मंडल की बैठक तनवी मैरिज लॉन में सम्पन्न हुई। उपचुनाव की व्यूह रचना को लेकर बैठक में मंथन किया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि मंडल तथा शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की समीक्षा कर लें। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों में यदि कोई कार्यकर्ता किन्ही कारणों निष्क्रिय है तो उसके स्थान पर किसी नए कार्यकर्ता को दायित्व दें। बूथ विजय को लेकर स्वंय अपनी कार्ययोजना बनाएं। अगली बैठक में पूर्ण कार्ययोजना के साथ उपस्थित हों। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि जिस प्रकार चुनाव में विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाया गया। उसे दूर करने के लिए हर घर–हर मतदाता से सम्पर्क कर सत्य से अवगत कराना है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि मंडल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुख के साथ बैठक कर अपने क्षेत्र के बूथों की स्थितियों के बारे में जान लें। कमजोर बूथों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि विपक्ष संविधान को लेकर लोगों में भ्रम फैलाया, गुमराह किया। विपक्ष के इस झूठ का पर्दाफाश कार्यकताओं को करना है। कांग्रेस ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू कर लोगों के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त किया था। इस दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए अत्याचारों से जनता को अवगत कराना है। बैठकों में जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, राधेश्याम त्यागी, अशोक कसौंधन, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, सर्वजीत सिंह, अजय तिवारी, बंशीधर शर्मा, अर्जून सिंह, अवधेश पाठक, देवेन्द्र सिंह सहित मंडल अध्यक्ष व शक्ति केन्द्रों के प्रभारी मौजूद थे।

## अयोध्या कजरी महोत्सव के आयोजन हेतु कमेटी का हुआ गठन



अयोध्या(एजेंसी)। सागर कला भवन में आगामी अयोध्या कजरी महोत्सव आयोजित करने के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 7 अगस्त हरयाली तीज 2024 को आयोजित होने वाले कजरी महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए कमेटी का गठन किया गया कमेटी के गठन की जिम्मेदारी जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता, कवि एवं लेखक अम्बरीध चन्द्र पाण्डेय और प्रख्यात कलाविद एस बी सागर प्रजापति ने निभाई। मीटिंग में सर्वसम्मति से अवध के मशहूर लोग गायक बृजमोहन तिवारी को कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया । इसी क्रम में निदेशक पद पर अम्बरीष चंद्र पाण्डेय तथा महासचिव पद पर एसबी सागर प्रजापति एवं लोक गायक विवेक पाण्डेय को चुना गया । प्रबंधक पद पर अंकित उपाध्याय, उपाध्यक्ष पद पर कवि अनुजेंद्र तिवारी, पंकज पाण्डेय, दुर्गेश पांडे दुर्लभ, कोषाध्यक्ष पद पर रीता तिवारी, उपनिदेशक पद पर अंशिका सिंह, सचिव पद पर कुलदीप तिवारी एवं शालिनी राजपाल तथा अन्य कार्यक्रम प्रभारी पद पर राज देहाती , बालगोपाल पाण्डेय आदि को चुना गया । बैठक में ये भी निश्चित हुआ कि इस बार कजरी महोत्सव में सावन पेंटिंग प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, काव्य फुहार, अयोध्या तीज रानी प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में कजरी गायन की विभिन्न लोक विधाओं के गायन, वादन और नृत्य का आयोजन होगा जिसमें देश के तमाम नामचीन कजरी गायक और कलाकार भाग लेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम मुख्य संरक्षक अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं मुख्य संयोजक पंडित सत्यप्रकाश मिश्र , महंत बृजमोहन दास, महंत रामदास के संयोजन में संपन्न होगा । संयोजक मंडल में प्रमुख रूप से ई . रवि तिवारी, अंजनी कुमार पाण्डेय , डा अनुपम पांडेय , डा शेषधर पांडेय, तक्षशिला एकादमी के निदेशक संतोष मिश्रा , पार्षद सुलतान अंसारी, चंद्रप्रकाश तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी आदि शामिल है।

## किसान भाई अपने-अपने राजस्व ग्राम में 8 जुलाई से आयोजित कैंप का उठाएं लाभ

मीरजापुर(एजेंसी)। उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद मीरजापुर में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रकचर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने सम्बन्धी शासनादेश जारी किया गया है। वर्तमान परिदृश्य में यह अत्यन्त आवश्यक है कि कृषि क्षेत्र के विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंच सके, जिससे संशाधनों के समुचित उपयोग से कृषि क्षेत्र का पूर्ण विकास सम्भव हो सके। इस योजना के संचालन से किसानों को निम्नलिखित सुविधायें प्राप्त हो सकेंगी यथा सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह, बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच प्राप्त करना आसान बनाना है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत प्रदेश के कृषक विवरण को एग्री स्टैक के अन्तर्गत तैयार कर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जायेगा। इस हेतु भारत सरकार द्वारा भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषकों के ऑनलाइन बकेट तैयार कर राजस्व को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका प्रयोग कर राज्य स्तर से फार्मर रजिस्ट्री तैयार किया जाना है। फार्म रजिस्ट्री कार्य को समय से सम्पादित करने हेतु जनपद के राजस्व विभाग से 283 लेखपाल, कृषि विभाग से 56 कर्मचारी, पंचायत विभाग से 742 पंचायत सहायक व रोजगार विभाग से 105 रोजगार सेवकों की ड्यूटी राजस्व ग्रामवार लगायी गयी है। जिसमें तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी तथा विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को नोडल नामित किया गया है। पर्यवेक्षीय दायित्व हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को दिया गया है, जो अपनी देख–रेख में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर करायेंगे। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु जनपद व तहसील स्तर पर मास्टर ट्रेनर का चयन कर लिया गया है व 4 जुलाई 2024 से 5 जुलाई 2024 तक समस्त तहसील स्तर पर सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा चुका है। 8 जुलाई 2024 से सभी कर्मचारी अपने–अपने नामित राजस्व ग्राम में कैम्प लगाकर किसानों का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य उपलब्ध कराये गये ऐप के माध्यम से शुभारम्भ करेंगे। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को सफलता पूर्वक संचालित करने हेतु जनपद स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष तथा मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष, प्रोजेक्ट ऑफिसर तथा उप कृषि निदेशक सदस्य, सचिव नामित किये गये है। जनपद स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजना सम्बन्धी समस्त कार्य अपने मार्गदर्शन में सुनिश्चित करायेंगे। जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व मुख्य राजस्व अधिकारी को नामित किया गया है। जो अपनी देख–रेख में एग्री स्टैक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सम्पन्न करायेंगे तथा समय–समय पर समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। साथ ही यह भी बताया गया कि एग्री स्टैक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य 8 जुलाई 2024 से प्रारम्भ होकर 8 अगस्त 2024 तक पूर्ण किया जाना है। तथा द्वितीय चरण में 9 अगस्त 2024 से इसे कृषकों के लिए खोल दिया जायेगा,

## सावन झूला मेला के सात सवेदनशील स्थान चिह्नित

अयोध्या(एजेंसी)। सात अगस्त से प्रस्तावित सावन झूला मेला को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। मेला क्षेत्र को विभिन्न सेक्टर और जोन में बांटकर सात हॉट स्पाट भी बनाए जा रहे जहां 24 घंटे 108 एम्बुलेंस की सुविधा मिलने का दावा किया जा रहा है। वहीं अन्य व्यवस्था को भी चाक चौबंद किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी सूचना में कहा गया है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी सावन माह में श्रावण झूला मेला का आयोजन 7 अगस्त से 19 अगस्त 2024 तक प्रस्तावित है।

## खड़ी ट्रक में घुसी बोलेरो दो की मौत, तीन घायल

मीरजापुर(एजेंसी)। राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशनपुरा में खड़ी ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो घुस जाने से दो की मौत हो गई है जबकि तीन गंभीर रूप से घायल होने बताएं जा रहें हैं। गंभीर रूप से घायल को रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर पंकज पांडे अपने परिवार के साथ बढ़ौली चौराहा राबर्ट्सगंज, सोनभद्र से मिर्जापुर जा रहे थे कि रास्ते में ही राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशनपुरा के पास खड़ी ट्रक में बोलेरो घुस गई जिसमें मृतक डॉक्टर पंकज पांडे 45 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय महेंद्र पांडे बढ़ौली चौराहा निवासी की मौत हो गई। उनके साथ उनके पुत्र नव्य पांडे 14 वर्षीय पुत्र डॉक्टर पंकज पांडेय की भी मौत हो गई। मृतक डॉक्टर पंकज पांडे की पत्नी अनीता पांडे 40 वर्षीय और 8 वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा बोलेरो चालक अमरनाथ 40 वर्षीय भी घायल हो गए हैं। सभी बढ़ौली चौराहा राबर्ट्सगंज के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि जैसे ही खड़ी ट्रक में बोलेरो घुसी लोगों की चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे थे और डायल 112 व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना होने पर मौके पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी अमित कुमार ने सभी घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मिर्जापुर मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में बोलेरो के पर खच्चे उड़ गए थे।

## प्रतियोगिता में फलदार पौधों का वितरण कर पर्यावरण से संबंधित किए गए प्रश्ननोत्तर

मीरजापुर(एजेंसी)। लालगंज तहसील क्षेत्र के श्रीमती कुबेरा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वन महोत्सव का कार्यक्रम वन रेंज लालगंज ने आयोजित किया। जिसमें चित्रलेखा प्रतियोगिता फलदार पौधों का वितरण और पर्यावरण से संबंधित प्रश्ननोत्तर किए गए। लालगंज वन रेंजर के के सिंह ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बच्चों को बताया कि पर्यावरण जीवन का आधार है। प्रत्येक पौधे प्रकृति की धरोहर है। उन्होंने बताया कि ऋषियों और वैज्ञानिकों ने जड़ी बूटियां को खोज कर मानव उपयोगी प्रकृति की धरोहर को बनाया है। वन विभाग के दरोगा बिनेंद्र यादव ने बताया कि प्रकृति कि जंगल प्रकृति की खूबसूरत उपहार है। पौधारोपण की व्यवस्था प्रकृति को नया आयाम देती और जुड़ाव बनती है। ग्राम प्रधान गणेश शंकर दिव्या ने बताया कि प्रकृति का परिवर्तन पर्यावरण पर निर्भर करता है। प्रबंधक कल्याण जी मिश्रा आयोजक मंडल को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार सिंह, अनुपम पांडे, पिंटू लाल यादव, राजदीप वर्मा, सुनील कुमार, रश्मि राम यादव आदि के साथ विद्यालय परिवार के छात्राएं मौजूद रहे।

## बिजली की आंख-मिचौली से त्रस्त हैं ग्रामीण उपभोक्ता

लालगंज, मीरजापुर(एजेंसी)। लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र आंख मिचौनी का खेल खेल रही है। कभी खुशी कभी गम, कभी रोशनी कभी अंधकार के चक्रव्यूह में हजारों उपभोक्ता उलझ कर रह गया है। इससे गुस्साए ग्रामीणों के साथ अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इंसुलेटर बदलने की मांग किया। लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र का हाल यह है कि अली बाबा 40 चोर। विभाग इंसुलेटर चोर को खोज कर ईमानदार फीडर बनाने की पुरजोर आजमाइश कर रहा है। विद्युत टेक्निकल कर्मी एक एक विद्युत पोल के इंसुलेटर की जांच कर खोजने में जुटे हुए हैं। यह सब परेशानी घटिया इंसुलेटर के चलते बनी हुई है वही जंगलों में बड़े–बड़े फीडरों की इंसुलेटर गड़बड़ नहीं हो रहे हैं लेकिन इसी फीडर के इंसुलेटर आए दिन गड़बड़ हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी में खभे पर चढ़ने और उतरने के काम से विभाग के कर्मचारी पस्त होते जा रहे हैं। लालगंज के लाली माटी स्थित मुख्य पावर हाउस से लेकर लहंगपुर उपकेंद्र तक बाइक से चक्कर दर चक्कर खंभे दर खंबे दौड़ इंसुलेटर चोर को खोजने में जुटे हुए हैं। यह समस्या दो सप्ताह से बनी हुई है। आखिरकार सवाल यह उठ रहा है कि विद्युत टेक्नोलॉजी के बावजूद इंसुलेटर पकड़ से बाहर क्यों है या टेक्नोलॉजी का प्रयोग नहीं थे किया जा रहा है या विशेषज्ञों का अभाव है। वहीं उपभोक्ता का हौसला आक्रोश में बदलता दिखाई दे रहा है आक्रोशित उपभोक्ता कर रहे हैं विद्युत की गड़बड़ी की कोई अवधि नहीं है यह एक लाईलाज बीमारी का रूप धारण कर लिया है। जिससे ग्रामीण उपभोक्ता आक्रोशित होकर लालगंज उप जिलाधिकारी गुलाबचंद्र को ज्ञापन देकर अभिलंब आपूर्ति बहाल करने की मांग किया इस चेतावनी के साथ कि अगले दो दिन तक विद्युत व्यवस्था नहीं अच्छी हुई तो उप केंद्र का घेराव कर चक्का जाम किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रभाकर द्विवेदी, कमला शंकर, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर जमकर चली लाठियां

गोसाईगंज–अयोध्या(एजेंसी)। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के रेवरी गांव में गुरुवार की देर शाम दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर लाठियां चली।जिसमे आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक रेवरी गांव निवासी अमर बहादुर सिंह व अंकुश सिंह के बीच पुराने जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो ही रही थी कि अमर बहादुर सिंह के पक्ष के लोगों ने अंकुश सिंह पर लाठी, डंडों एंव लोहे की राड से हमला बोल दिया। बचाव में जब उनका परिवार आया तो परिवार के लोगो को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमे अंकुश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जबकि सरिता सिंह, लवकुश सिंह, निखिल सिंह, फूलमती सिंह को भी चोटें आई हैं।घायल अंकुश सिंह की पत्नी शालू सिंह की तहरीर पर अमर बहादुर सिंह, समर बहादुर सिंह, संजय सिंह, राजप्रताप सिंह, अजय सिंह, शिवम सिंह, सुनील सिंह, विकास सिंह, अभय सिंह, प्रज्ञा सिंह सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक घायलों का मेडिकल करवा आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## खेत पर गए किसान की विद्युत करंट से मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी) । इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी बारून बाजार अन्तर्गत बुढ़नपुर गांव निवासी किसान बलराम 50 वर्ष पुत्र मेवालाल शुक्रवार को दोपहर धान की रोपाई करने के लिए खेत देखने गए थे। तीन दिनों से हुई बारिश से खेतों के चारों ओर पानी भरा हुआ है। बलराम ने फसल की सिंचाई के लिए अपने खेत में विद्युत मोटर लगवाया हुआ है। विद्युत मोटर के अर्थिंग के लिए अल्युमिनियम की पाइप जमीन में गाड़ रखी थी। कृषक बलराम ने अचानक उसी पाइप को पकड़ लिया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गए। किसान की चीख सुनने के बाद आस–पास के खेतों में काम कर रहे लोग जब तक कुछ समझ पाते और मौके तक पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक किसान के परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए।



# पुलों का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

ललित गर्ग

देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण–कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन–रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है।

बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे–बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ–साथ चिंतित करने वाली हैं। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल–पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल–1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान है। इस हादसे के कारण अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हुए एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए थे। सभी को इस बात की हैरानी हो रही है कि देश के सबसे प्रमुख हवाईअड्डे पर इस तरह का हादसा कैसे हो सकता है? मुंबई में भी घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। इन पुलों के गिरने एवं अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बर्बादी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटनाएं कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आई थी।

जाहिर है, इन पुलों के ढहने एवं गिरने से कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। ये पुल ग्रामीण लोगों के जीवन की अनिवार्यता एवं जीवनरेखाएं हैं। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में उच्च लागत के बावजूद छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरुपयोग ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल–जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था कि जो पुल जर्जर अवस्था में हैं, उनका विकल्प भी साथ–साथ तैयार किया जाए?इस तरह बार–बार पुलों का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत–काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। ये पुल हादसें एवं ध्वस्त होने की घटनाएं बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के चरम पर होने को ही बल देती है। ऐसा नहीं है कि बिहार में ही ऐसे हादसें हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। सिर्फ बिहार में पुलों का यूं ढहते जाना ही चिंता की बात नहीं है, दूसरे तमाम राज्यों से भी चमचम सड़कों पर बनते गड्ढ़ों और नए निर्माण के दरकने की खबरें लगभग रोजाना सुर्खियां बटोर रही हैं। इसलिए बेहतर होगा कि तमाम सार्वजनिक निर्माण में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं आधुनिक स्थापित मानकों की गारंटी सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी किस्म की कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय हो। देश भर में तमाम पुराने पुलों की समीक्षा के साथ–साथ उनके रखरखाव या वैकल्पिक पुल के निर्माण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।इतना तय है कि ये सभी पुल अगर भरभरा कर गिर रहे हैं तो इनकी डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार इन एवं ऐसे पुलों की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? यह तय है कि इन पुलों के निर्माण में व्यापक खामियां थीं और वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय–सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता?देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण–कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन–रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। हादसों का एक बड़ा कारण जांच में दोषी और जिम्मेदार ठहराए गए अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना भी है। बिहार, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात हादसों के दोषियों को बचाने के प्रयास भी सबके सामने हुए हैं। हर हादसे के बाद लीपापोती के प्रयास खूब होते हैं। हादसे में मरने वालों के परिजनों को मुआवजा बांटकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी समझने वाली सरकारों को इससे आगे बढ़ना होगा। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। ऐसे निर्माण कार्यों में कमीशन–रिश्वतखोरी रोकने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि जब ठेकेदार एक बड़ी राशि कमीशन के तौर पर दे देता है, तो फिर वह निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति लापरवाह हो जाता है। लापरवाही की परिणति ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है। प्रगतिशील कदम उठाने वाले नेतृत्व ने अगर भ्रष्ट व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद एवं भ्रष्टता में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। राजनीति के क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले में एक–दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने का अभिनय तो सभी दल एवं नेता करते हैं पर खींचता कोई भी नहीं। रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई "रिश्वत" छू नहीं सके, जिसको कोई "सिफारिश" प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन भ्रष्ट पुलों का भर–भराकर गिरना बन्द होगा।

# सम्पादकीय

## विपक्ष की रणनीति सरकार को झकझोर करना

18 वीं लोक सभा के अध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान और उसके बाद का दृश्य निश्चित रूप से देश को एक हद तक राहत देने वाला था। आक्रामक मोर्चाबंदी के बाद विपक्ष ने संसद में मत विभाजन की मांग नहीं की। इस कारण ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभाध्यक्ष के रूप में निर्वाचन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। विपक्ष अपने पूर्व के तेवर के अनुरूप यदि के. सुरेश और ओम बिरला के बीच मतदान पर अड़ता तो तस्वीर दूसरी होती। हालांकि संख्या बल के आधार पर ओम बिरला का निर्वाचन निश्चित था, लेकिन विपक्ष भी ताकत दिखाना चाहता था।

वास्तव में 18वीं लोक सभा में शपथ ग्रहण के समय से विपक्ष का तेवर बता रहा है कि वह सरकार को आसानी से काम करने देने की मनरूस्थिति में नहीं है। आईएनडीआईए के सारे सांसद गांधी जी की प्रतिमा के पुराने स्थल से हाथों में संविधान की प्रति लिए जिस तरह नारा लगाते आगे बढ़े वह चिंतित करने वाला दृश्य था। कम से कम सांसदों के शपथ ग्रहण के अवसर को प्रदर्शनों से दूर रखा जा सकता था। सरकार ने अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिसके लिए विपक्ष को इस तरह विरोध की एकजुटता प्रदर्शित करनी पड़े।

विरोध के लिए आगे पूरा अवसर बना हुआ है। संसद में बजट आना है और भी कई विधेयक आने वाले हैं, उन सब पर विपक्ष अपना तेवर दिखा सकता था, दिखाएगा भी। इसी तरह स्वयं विपक्ष का अपना एजेंडा है जो समय–समय पर संसदीय नियमों का लाभ उठाते हुए प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। 18वीं लोक सभा की शुरूआत में विपक्ष ने अपनी रणनीति के तहत ही आक्रामक चरित्र प्रदर्शित किया है। पहले भर्तृहरि मेहताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने का विरोध हुआ। कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि उनकी पार्टी मेहताब को सहयोग नहीं करेगी। उससे भय पैदा हुआ लेकिन सभी कांग्रेसी सांसदों ने अंततरू मेहताब की अध्यक्षता में ही शपथ ग्रहण किया।

इसके पूर्व कभी प्रोटेम स्पीकर को लेकर इस तरह विरोध हुआ हो इसके रिकॉर्ड अभी तक सामने नहीं आए हैं। कांग्रेस की मांग थी कि के. सुरेश आठ बार के सांसद हैं। इसलिए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए। सरकार का कहना था कि के. सुरेश एक बार सांसद नहीं रहे हैं जबकि मेहताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। यह विषय असहमति का है। संविधान में कहीं इसका उल्लेख नहीं है कि प्रोटेम स्पीकर किसे बनाया जाए। उसके बाद से विपक्ष ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह लोक सभा चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों और अपनाए तेवरों से पीछे हट रहा है। आप ओम बिरला के लोकसभाध्यक्ष बनने के बाद दिए गए विपक्ष के नेताओं के भाषणों को देखिए तो काफी कुछ स्पष्ट हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, श्हम उम्मीद करते हैं कि आपके नेतृत्व में संविधान की रक्षा होगी। आप विपक्ष को पूरी तरह बोलने का अवसर देंगे जिससे आम जन की आवाज संसद में आ सकेय। उन्होंने पूर्व लोक सभा में सांसदों के निलंबन पर भी कटाक्ष किया।ठीक इसी तरह सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी लोकसभाध्यक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, श्आप सत्ता पक्ष को तो मौका देते ही हैं लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष को भी अवसर देंगेय। फिर उन्होंने भी भविष्य में सांसदों के निलंबन न होने की उम्मीद जताई। इसी तरह तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय एवं अन्य नेताओं के भाषण अध्यक्ष को भी दलीय राजनीति में घसीटने और उनको कठघरे में खड़ा करने वाले ही थे। अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद सभी उन्हें धन्यवाद देते हैं उनकी प्रशंसा करते हैं और उनकी अध्यक्षता में संसद के संचालन में सहयोग करने का वादा करते हुए शुभकामना भी देते हैं। विपक्ष के भाषण में ये विषय थे किंतु उनकी धारा बिल्कुल अलग थी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संयुक्त सत्र के अभिभाषण को लेकर भी विपक्ष ने सरकार के साथ सहयोग या सहकार वाली भूमिका का संदेश नहीं दिया।

आम आदमी पार्टी द्वारा अभिभाषण का बहिष्कार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे द्वारा समर्थन बताता है कि संसद को लेकर विपक्ष की राजनीति किस दिशा में जाने वाली है। शिवसेना–उद्धव ठाकरे के सांसद संजय राउत में कहा कि बहिष्कार बिल्कुल ठीक है? सरकार तानाशाही भरा रवैया अपनाती है और उसमें राष्ट्रपति का भी योगदान है।राष्ट्रपति को दलीय राजनीति में घसीटना अन्य सभी घटनाक्रम से ज्यादा चिंतित करने वाला है। राष्ट्रपति देश के अभिभावक के तौर पर स्वीकार किए जाते हैं। हमारे देश में राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख हैं पर उन्हें मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार ही भूमिका निभानी पड़ती है। बावजूद विपक्ष राष्ट्रपति पर इस तरह के हमले से बचता रहा है। आपातकाल के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद की भूमिका को छोड़ दें तो अभी तक संजय राउत की तरह राष्ट्रपति की आलोचना करने जैसा वक्तव्य सामने नहीं आया था। फखरु द्दीन अली अहमद के विरुद्ध भी विपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिला था क्योंकि सभी जेल में डाल दिए गए थे।राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं देखें तो वे सरकार पर पूरी तरह हमलावर हैं। वैसे राष्ट्रपति अभिभाषण द्वारा सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया कि वह अपनी पूर्व नीतियों पर ही आगे बढ़ने वाली है यानी विपक्ष का कोई दबाव उसे अपने रास्ते से पीछे हटने या मुड़ने के लिए विवश नहीं कर सकता। वह हमले का जवाब प्रति हमले से देगी। वस्तुतरू विपक्ष का आकलन है कि संविधान खत्म करने, आरक्षण खत्म करने और अन्य प्रकार के प्रधानमंत्री मोदी और सरकार विरोधी तेवरों से उन्हें चुनाव में लाभ मिला है। इसे आगे बनाए रखा गया तो वे सरकार को सत्ता से हटाने में सफल होंगे। विपक्ष की रणनीति बिल्कुल साफ है। देश में सरकार के हर समय अस्थिर होने का संदेश देना, इससे लगातार टकराव करते रहना, आरोप लगाते रहना तथा जब भी मौका आए सरकार को झकझोर कर गिराने का प्रयास करना। साफ है कि सरकार भी ईट का जवाब पत्थर से देने का संदेश दे रही है।

# पूंजीगत खर्चों में वृद्धि एवं मध्यवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान की जानी चाहिए बजट में



प्रह्लाद सबनानी ।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023–24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है।जुलाई 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023–24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए।किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023–24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है। भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011–12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकोंध्उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024–25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है।

पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024–25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते सम्भव हो पा रही है। वैसे, भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार भी नागरिकोंध्करदाताओं पर करों का बोझ केवल उतना ही होना चाहिए जितना एक मधुमक्खी किसी फूल से शहद लेती है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में यदि खर्च करने के लिए अधिक राशि पहुंचती है तो वह विभिन्न उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है इससे इन उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है और इन उत्पादों का उत्पादन बढ़ता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर अर्थव्यवस्था में निर्मित होते हैं एवं कम्पनियों द्वारा विनिर्माण इकाईयों का विस्तार किया जाता है तथा निजी क्षेत्र में भी पूंजीगत निवेश बढ़ता है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के चक्र को बढ़ावा मिलता है जो अंततः देश के कर संग्रहण में भी वृद्धि करने में सहायक होता है। मध्यवर्गीय परिवार के आय कर में कमी करने से बहुत सम्भव है कि भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। क्योंकि कई देशों में यह सिद्ध हो चुका है कि कर की राशि को कम रखने से औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है इससे कर की दर को कम करने के उपरांत भी कर संग्रहण में वृद्धि होते हुए देखी गई है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में अभी भी अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था औपचारिक अर्थव्यवस्था के करीब करीब बराबरी पर ही चलती हुए दिखाई देती है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में आर्थिक व्यवहारों के भारी मात्रा में डिजिटलीकरण करने के उपरांत भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में बहुत मदद मिली है और इसी के चलते ही वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रतिमाह के स्तर पर पहुंच सका है। अतः कुल मिलाकर देश में मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेज गति से आगे बढ़ेगी देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

दरअसल, देश में कर संग्रहण में आकर्षक वृद्धि के बाद ही गरीब वर्ग की सहायता के लिए भी विभिन्न योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा सकेंगी। अतः वित्तीय वर्ष 2024–25 का बजट मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखकर ही बनाया जाना चाहिए। ऐसा कहा भी जाता है कि मध्यवर्गीय परिवार गरीब परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने में सदैव आगे रहा है।



# केजरीवाल की मुसीबत और बढ़ी

**श**राब घोटाले को लेकर धन शोधन मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की मुसीबत और बढ़ गयी है। अभी कुछ दिन पहले ही निचली अदालत ने उनको जमानत दी थी लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जेल से बाहर नहीं आने दिया। वे लगातार जेल से बाहर आने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर (एलजी) ने एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है। लोकनायक अस्पताल के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप केजरीवाल सरकार पर लगा है। एलजी ने सवाल उठाया है कि अस्पताल के निर्माण में इतनी ज्यादा लागत कैसे लगी। दरअसल, दिल्ली में बन रहे 22 मंजिलें लोकनायक अस्पताल के निर्माण की तिथि 31 दिसम्बर तय थी। अब समय बढ़ने के साथ उसकी लागत बढ़ना भी स्वाभाविक है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसी बात पर केजरीवाल की सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। एलजी ने सीबीसी को जांच सौंप दी है। अभी तो दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ही सीधे निशाने पर हैं लेकिन आंच तो केजरीवाल तक पहुंचेगी। माना जाता है कि केजरीवाल की मंत्री आतिशी के धारना देने से, उपराज्यपाल ज्यादा नाराज हो गये। उधर, मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज केस में जमानत के लिए 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए कहा कि मुझे प्रताड़ित किया गया है और ये मेरी रिहाई रोकने की साजिश है। सीबीआई ने 26 जून को उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। इस प्रकार ईडी और सीबीआई ने उनको शिकंजे में पहले से कसा हुआ है। अरविंद केजरीवाल सरकार को एक और झटका देते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लोक नायक अस्पताल में हुए निर्माण की जांच का आदेश दिया है। अस्पताल में एक नए ब्लॉक का निर्माण हो रहा था, जिसमें 670 करोड़ रुपये ज्यादा खर्च हो गए। अब एलजी ने सीवीसी को जांच सौंपते हुए पूछा है कि इतने ज्यादा पैसे आखिर क्यों लग गए? इस पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का भी जवाब आया है। उन्होंने कहा, एलजी साहब तो यही काम है। एलजी ने अस्पताल के निर्माण में हुई खामियों की जांच के लिए भी एक समिति बनाई है। अधिकारियों ने बताया कि यह समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इतना ही नहीं, दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में चल रही ऐसी सभी परियोजनाओं की भी जांच करेगी। एलजी की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि लोक नायक अस्पताल में एक अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण के लिए 465 करोड़ रुपये का टेंडर बढ़कर 1,135 करोड़ रुपये हो गया है। इससे दिल्ली सरकार पर लगभग 670 करोड़ रुपये का भार बढ़ा है। अधिकारियों ने बताया कि एलजी ने सतर्कता निदेशालय से केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) से मामले में विस्तृत तकनीकी जांच करने के लिए मुख्य तकनीकी परीक्षकों की एक विशेष टीम गठित करने का अनुरोध करने को कहा है।

एलजी ने आदेश में कहा, यह समझ से परे है कि विभाग के इंजीनियरों ने इतना पैसा खर्च कर दिया, जबकि इसे वित्त विभाग और कैबिनेट के पास जाना चाहिए था। लोक नायक अस्पताल में नए ब्लॉक पर काम 4 नवंबर, 2020 को शुरू हुआ था और 30 महीने के भीतर इसे पूरा किया जाना था लेकिन अधिकारियों का कहना है कि साढ़े तीन साल बाद भी सिर्फ 64 प्रतिशत काम हो पाया है, जबकि लागत 243 प्रतिशत बढ़ गई है। केजरीवाल सरकार ने पहले इसके निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी थी। मूल रूप से 465 करोड़ रुपये टेंडर हुआ। बाद में काम के दायरे का विस्तार किया गया और 1135 करोड़ रुपये खर्च हो गए। एलजी के निर्देश के बारे में जब दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज से पूछा गया, तो उन्होंने कहा, एलजी का काम दिन–रात जांच का आदेश देना है। उन्होंने दिल्ली के लिए और क्या काम किया है? सतर्कता विभाग उनके अधीन है। वह ऐसा इसलिए करते हैं ताकि मीडिया सवाल पूछे। हालांकि, दिल्ली सरकार के सूत्रों ने जांच और किसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त सजा देने का स्वागत किया है।लोकनायक अस्पताल के नाम पर 22 मंजिला बन रही दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की सबसे ऊंची इमारत की डेडलाइन गत 31 दिसंबर को गुजर चुकी है। देरी से चल रही इस परियोजना की नई डेडलाइन 31 मार्च 2024 निर्धारित की गई थी। विभाग की दलील है कि कोरोना महामारी के चलते निर्माण कार्य में देरी हुई है। इमारत का अभी 70 प्रतिशत काम पूरा हो सका है। इसमें से एक टावर 18 मंजिल और दूसरा टावर 19 मंजिल तक बन सका है। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि इस इमारत के बेसमेंट से लगातार पानी आ रहा है, इसे लगातार पंप चलाकर बाहर निकाला जा रहा है। अभी तक सबसे ज्यादा बिस्तर सफदरजंग अस्पताल में है, जहां बिस्तरों की संख्या करीब तीन हजार बताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शातिर अभियुक्तगिरफ्तार, कब्जे से लगभग 04 लाख रुपये के जेवरात बरामद

दोहरीघाट, मऊ (एजेंसी)। वाहन चेकिंग के दौरान थाना अध्यक्ष संजय कुमार सरोज ने व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के आभूषण एवं नगदी के साथ बरामद कर गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों के पास से 14 अदद मोबाइल, दो जोड़ी पायल, दो अदद चांदी का सिक्का, एक जंजीर, एक जोड़ी पजनी, मंगलसूत्र, लाकेट जैसी तमंचा 12 बोर एक कारतूस 12 बोर एक जिंदा कारतूस 12 बोर एक अदद लोहे का रॉड, एक अदद चाकू और दो हजार रुपया सहीत चोरी का समान पुलिस ने बरामद किया। पकड़े गए एक अपराधी शीतर बंजारा पुत्र वेदराज निवासी रेलवे कॉलोनी थाना सदर जिला पूर्णिया बिहार दूसरा अभियुक्त तनवीर भोंसले पार्टी पुत्र पारसी निवासी रामगढ़ थाना ओरमाजी जिला रांची झारखंड को विगत रात गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान किया। गिरफ्तार करने वाले टीम में सरोज उप निरीक्षक हंसराज यादव, उप निरीक्षक आदर्श दुबे, कांस्टेबल ऋषिकेश पांडे, अमरेश सिंह, संदीप यादव, जितेंद्र यादव आदि पुलिसकर्मी रहे।

### शोक संतप्त परिवार से मिले मंत्रीगण हर संभव मदद दिलाया भरोसा

मऊ (एजेंसी)। मंत्री पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहेलदेव समाज पार्टी ओम प्रकाश राजभर द्वारा जनपद के ताजोपुर मझवा में सड़क दुर्घटना में मृतक स्वर्गीय गुड़िया देवी, स्वर्गी गरिमा राजभर व घायल कुमारी मंजू राजभर के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा शासन से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वही मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर ने मृतक के परिवार से कहा कि पीड़ित परिवार को सबसे पहले न्याय मिलना चाहिए यदि सिद्ध होता है कि इस घटना को जानबूझकर किया गया है, तो जो दोषी हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उस घटना के समय मां बेटी सहित एक अन्य के साथ दुर्घटना घटी जिसमें दो लोगो की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, तथा तीसरे का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में जिला प्रशासन द्वारा किस प्रकार की कार्रवाई हो रही है इसकी समीक्षा जिला प्रशासन के साथ बैठक कर की जाएगी । उन्होंने कहा कि जब घटना में शामिल तीसरे व्यक्ति का बयान स्पष्ट हो चुका है तो जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। घटनास्थल पर ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम के दौरान कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किया गया है जिसमें मंत्री जी ने कहा कि जांच करातें पूरी मदद करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला श्रमायुक्त अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएनबी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक का स्थानांतरण, नए शाखा प्रबंधक ने संभाला कार्यभार

दोहरीघाट, मऊ (एजेंसी)। पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शशि प्रकाश पांडे का अतरौलिया शाखा आजमगढ़ के स्थानांतरण हो गया। वहीं स्थानांतरण होने पर क्षेत्र के व्यापारियों और संभ्रांत लोगों ने उन्हें विदाई दी। कर्मचारी एवं व्यवसाययों ने उन्हें अंग वस्त्र पुष्प गुछ व माल्यार्पण कर विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि मृदुभाषी प्रबंधक से दोहरीघाट में कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ आम जन मानस को मिला। वही नए शाखा प्रबंधक के रूप में मऊ से आए शिवम राय ने कार्यभार संभाला। उन्होंने बताया कि वह बैंक की योजना को जनता के बीच प्रसारित करेंगे सरकार और बैंक की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ मिले इसके लिए वह लगातार प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रिंकल राय, सुरेंद्र त्रिपाठी, संतोष राय, अभिषेक कुमार दुबे, पवन उपाध्याय, आर एन सिंह, अभिनंदन, विभीषण, दीपक सहित व्यापारी खाता धारक लोग उपस्थित रहे।

### टूटे नाले का निरीक्षण करते एसडीएम

राजापुर (चित्रकूट)(एजेंसी)। राष्ट्रीय राजमार्ग 731 ए व 731 एजी में टूटे नाले का एसडीएम ने निरीक्षण किया। गुणवत्ताविहीन कार्य देखकर ठेकेदार के विरुद्ध डीएम को रिपोर्ट प्रेषित करने की बात कही हैं।

ज्ञात हो कि राजापुर कस्बे में 731ए व 731 एजी में लगभग 10 माह से कार्य चल रहा है। जिसमे कर्वी बाईपास से लेकर बोड़ीपोखरी तक 18 किमी लोक निर्माण विभाग प्रयागराज ने स्वीकृत कर ठेकेदारों के माध्यम से निर्माण कार्य शुरू कराया। जिसमे राजापुर कस्बे के व्यापारियों सहित अनेकों सामाजिक संगठनों के लोगो ने गुणवत्ताविहीन नालों व सड़क पर आपत्ति दर्ज कराई थी। जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने 26 दिसम्बर 2023 को टीम के साथ औचक निरीक्षण करते हुए ठेकेदारों को निर्देशित किया था कि सड़क व नाले का कार्य मानक के अनुरूप किया जाए, लेकिन ठेकेदार ने कोई ध्यान नहीं दिया। एक माह पहले एडीएम उमेशचन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद चौरसिया, एसडीएम प्रमोद झा ने जल निकासी एवं आधे अधूरे नालों को मानक अनुसार बनाने के निर्देश ठेकेदार को दिए। बावजूद इसके ठेकेदार मनमानी पर आमादा रहा। परिणाम यह हुआ पहली ही बारिश में नाला धंस गया। टूटे नाले की जांच शुक्रवार को एसडीएम प्रमोद झा ने किया है। उन्होंने कहा कि कई बार ठेकेदार को लिखित व मौखिक आदेश दिए गए थे। गुणवत्ताविहीन नाला निर्माण की रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर कार्यवाही कराई जाएगी।

### नि:शुल्क डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

चित्रकूट(एजेंसी)। ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र–छात्राओं की शिक्षा में सहायता के लिए डिजिटल लाइब्रेरी स्थानीय कुछ युवकों ने मिलकर खोली है। इमरान अली करिम फाउंडेशन की तरफ से लाइब्रेरी का शुभारंभ समाजसेवी रन्नू बेगम ने किया। लाइब्रेरी के संचालकों ने बताया कि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवार के छात्र छात्राओं के लिए यहां निशुल्क सुविधा दी गई है।मुंबई में रहकर फिल्मी दुनिया में काम करने वाले इमरान अली ने बताया कि वह अपनी मातृभूमि के लिए भी शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। शिक्षा से ही यहां के युवा आगे बढ सकते हैं। इसे लेकर शिवरामपुर कस्बे पुस्तकालय भी खोला गया है। शुभारंभ के बाद समाजसेवी ने छात्र, छात्राओं को पुस्तकों के महत्व की जानकारी दी। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कई गरीब परिवार के छात्र, छात्राएं जो कोचिंग में पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। वह पुस्तकालय के माध्यम से अपनी पढ़ाई करें। संचालक इमरान अली ने बताया कि पुस्कालय में कई तरह की किताबे उपलब्ध हैं।

# अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत 48.98 करोड़ की लागत से मऊरेलवे स्टेशन होगा पुनर्विकसित

## - 12 मीटर चौड़े पैदल उपरगामी पुल का होगा निर्माण

मऊ (एजेंसी)। अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंड़ल पर वाराणसी–गोरखपुर रेल खण्ड़ पर स्थित मऊ जं रेलवे स्टेशन को रु. 48.98 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। यह स्टेशन प्रयागराज–वाराणसी–गोरखपुर मुख्य लाइन पर पड़ता है जो आजमगढ़ रेल रूट से सीधे तथा बलिया से वाया इंदारा,रसड़ा–फेफना कनेक्टेड है। यह पूर्वान्चल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्टेशन जो नई दिल्ली, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता, पुणे, लखनऊ, अलीगढ़, कानपुर, प्रयागराज, जयपुर, रांची, वाराणसी आदि जैसे भारत के प्रमुख शहरों से रेल रूट के माध्यम से जुड़ा हुआ है। मऊ जं रेलवे स्टेशन वाराणसी से लगभग 93 किमी दूर स्थित है। मऊ जं. पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत एनएसजी–3 श्रेणी का स्टेशन है। मऊ स्टेशन पर 03 अदद प्लेटफार्म हैं। मऊ स्टेशन से मऊ–लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, मऊ–आनंदविहार एक्सप्रेस, मऊ–जोधपुर एक्सप्रेस, मऊ –बड़ेधरा एक्सप्रेस, मऊ–छपरा कचहरी पैसेंजर, मऊ–दोहरीघाट पैसेंजर,मऊ–प्रयागराज रामबाग पैसेंजर एवं शाहगंज पैसेंजर समेत कुल 44 सवारीध मेलध्एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित हो रही है तथा यहाँ से लगभग 22 हजार यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन होता है। अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मऊ रेलवे स्टेशन पर किये जा रहे उन्नयन एवं सुधार कार्यो में दो मंजिला स्टेशन विस्तृत भवन का निर्माण, नये पोर्च के निर्माण के साथ स्टेशन भवन के फसाड (मुखड़े) का सुन्दरीकरण कार्य में 300 वर्गमीटर पत्थर आवरण लगाने का कार्य पूर्ण हो चूका है शेष 2700 वर्गमीटर में पत्थर लगाने का काम प्रगति पर है। 700 मीटर लम्बे स्टेशन अप्रोच रोड (पहुंच मार्ग) में 300 मीटर रोड का चौड़ीकरण तथा 75 मीटर डिवाइडर का काम पूर्ण हो चूका है शेष कार्य प्रगति पर है। मऊ जं पर 60 मीटर प्लेटफार्म एक्स्टेंशन का कार्य 70 प्रतिषत पूरा हो चूका है तथा 10000 वर्गमीटर प्लेटफार्म सतह सुधार के कार्य में 1700 वर्गमीटर का कार्य पूर्ण हो गया है। सर्कुलेटिंग एरिया की दिशा में 450 मीटर की चारदीवारी का निर्माण पूरा हो गया है शेष 150 मीटर का निर्माण प्रगति पर है। प्लेटफार्मों पर 2700 वर्गमीटर पीपी शेल्टर के प्रावधान के साथ 80 प्रतिषत का निर्माण पूरा हो गया, 800 पीपी की शीट के परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार और सर्कुलेटिंग एरिया (5000 वर्ग मीटर) का सौंदर्यीकरण कार्य, सौंदर्यपूर्ण, चौड़ा और अच्छी रोशनी वाला अग्रभागध्पोर्च सर्कुलेशन एरिया में सुधार। स्टेशन 10 वर्ग मीटर में दिव्यांगजन सुविधाओं वाले शौचालयों का प्रावधान का कार्य, विभिन्न श्रेणी के नये प्रतीक्षालयों स्टेशन का निर्माण, सभी प्लेटफार्मोंपर नए प्लेटफार्म शेल्टर के प्रावधान के साथ नए सीओपी का निर्माण कार्य, नये (पुरुषध्महिला एवं दिव्यांगजन) शौचालय का निर्माण, 3000 वर्ग मीटर के पार्किंग क्षेत्र का निर्माण कर उसमें टू व्हीलर, थ्री व्हीलर एवं फोर व्हीलर पार्किंग का प्रावधान का कार्य, नई लिफ्ट, एस्केलेटर का प्रावधान के साथ 12 मीटर चौड़े पैदल उपरगामी पुल का निर्माण कार्य, 3500 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेल्टरों का प्रावधान, स्टेशन पर अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप बेहतर साइनेज एवं फसाड लाइटिंग लगाने का कार्य प्रगति पर है। सभी निर्माण कार्यों को पूरा कर मऊ जं रेलवे स्टेशन को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। उपरोक्त कार्यों के पूर्ण हो जाने पर मऊ जं रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को जहाँ एक ओर उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुख सुविधाओं का लाभ मिलेगा वही दूसरी ओर रेल परिसर में प्रवेश करते ही उन्हें सुखद अनुभूति का एहसास होगा। शहरवासियों की सुविधा के लिए इस रेलवे स्टेशन को 'सिटी सेन्टर' के रूप में विकसित किया जायेगा।

## पूर्व सांसद अतुल राय के जन्मदिवस पर 65 लोगों ने किया रक्तदान

मऊ (एजेंसी)। अतुल राय के जन्मदिवस का उत्सव समर्थको ने रक्तदान कर मनाया। समर्थको द्वारा जन्मदिवस रक्तदान कर मनाया गया जिससे दूसरों के जीवन में भी अतुलनीय सहयोग हुआ। शिविर का उद्घाटन परियोजना निदेशक बाबूराम त्रिपाठी ने रिबन काटकर किया और कहा कि बधाई देना का इससे बेहतरीन तरीका और कोई दूसरा नही हो सकता है, रक्तदान को महादान कहते है। पूर्व सांसद अतुल राय के जन्मदिवस के अवसर पर जिला हॉस्पिटल में उनके प्रतिनिधि गोपाल राय के नेतृत्व में 65 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय ने कहाकि एक सामाजिक कार्यकर्ता के जन्म का उत्सव ऐसा हो जिससे समाज के अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवन में सहूलियत प्राप्त हो सके। कुछ इसी सूत्र को ध्येय वाक्य बनाते हुए प्रत्येक वर्ष उनके जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान किया जाता है। इस वर्ष उनके जन्मदिवस के अवसर पर कुल 65 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि काफी बड़ी संख्या में समर्थक रक्तदान को तैयार थे। लेकिन खराब मौसम व जिला अस्पताल में भारी जलजमाव के चलते केवल 65 लोगों का ही रक्तदान हो पाया है। हालाकि इसके अतिरिक्त काफी लोगों का रजिस्ट्रेशन करवा लिया गया है। कोरोना का प्रथम चरण हो या दूसरा जब लोग ऑक्सिजन की कमी से और दवाओं के अभाव में थे तब भी मदद को आगे आये थे, जब ऑक्सिजन सिलिंडर नहीं मिल रहा था उस वक्त 200 मेगा जंबो सिलिंडर मऊ के सीएमओ को दान किया, लोकसभा के सभी 863 गाँव में मोबाइल हॉस्पिटल भेज कर मुफ्त की 60,000 लोगों में डेटा के साथ दवाएँ वितरण करायीं, टेलीमेडिसिन के तहत नामचीन डॉक्टर की व्यवस्था करवायी और महीनो तक मुफ्त रासन वितरण कराया। बलिया मोड़ पर स्तिथ सांसद कार्यालय 24 घंटे लोगों की मदद के लिए खुला रहा और यह सब कुछ व्यक्तिगत अपने निजी कोष से कराया गया न की सांसद निधि से। जिलाध्यक्ष राजविजय ने कहा कि इस कोरोना महामारी के पहले से ही हम अनवरत पीछे 5 सालो से रक्तदान करते चले आ रहे है मऊ जनपद में भी चौथा वर्ष है, ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले लोगो के पास डोनर नही होता है उन परिस्थितियों में हम सबके द्वारा किये गए रक्तदान से उनको मदद मिल जाती है। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में ब्लाक प्रमुख परदहा राजेश राम, योगेश राय गब्बू, प्रेमशंकर राय, राहुल प्रधान, संजीत यादव, रजत बीरबहादुर, राजेश प्रधान, सोनू राय, विशाल, अभिमन्यु राणा, ओमप्रकाश यादव, नागेंद्र राम, आनंद मल्ल, शिवानंद यादव, आसुतोष पांडेय, नदीम अहमद, चन्दन राणा, अभिषेक राय चौहान, शैलेन्द्र कुमार सिंटू, अजय निषाद, बीरबहादुर, अमित बिटरेज, रामनिवास राम, विवेक तिवारी, सनोज राजभर, सिंटू सहित 65 लोगो ने रक्तदान किया।

## शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

चिरैयाकोट, मऊ (एजेंसी)। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम हेमंत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई एसडीएम ने लोगों को बताया कि त्योहार के दौरान कोई नई परंपरा की शुरूआत नहीं होगी तथा त्योहारों को आपसी प्रेम सद्भाव के साथ एक–दूसरे की भावनाओ का सम्मान करते हुए मनायेगें। चिरैयाकोट थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी डाक्टर अजय विक्रम सिंह ने कहां की त्योहार के दौरान को ताजियेदार के तरफ से किसी प्रकार का सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पोस्ट शेयर न करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मोहर्रम त्योहार के दौरान जुलूस का रुट पूर्व के अनुसार ही लोग निकलेंगे। तथा शान्तिपूर्ण तरिके से मनायेगें। मुहर्रम त्योहार के दौरान पूरे थाना क्षेत्र 20 जगहों पर औसतपुर, पचिस्ता, जसडा, छपरा, कमरवां, असलपुर तथा चिरैयाकोट कस्बा में ताजिया रखी जायेगी। तथा पचिस्ता गांव के निवासी ताजियेदार मुमताज ने बताया कि ताजिया ले जाने के दौरान रास्ता काफी खराब हो गया है और रास्ते की नालियों का गंदा पानी रोड पर बह रहा है, जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी असुविधा होती है तथा नाली की कई पटिया भी टूट गई है। वही ताजियेदार अमीर शाह गांव जसडा निवासी ने बताया कि बिजली की मेन लाईन का तार काफी नजदीक है। जिसके कारण ताजिया लेकर जाने में काफी दिक्कत उत्पन्न होगी और कोई बड़ी घटना घट सकती है। उस दौरान सभी संभ्रांत नागरिकों को एक जुलाई से तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के लागू किये जाने के संबंध में क्षेत्राधिकारी ने वृस्तृत रुप से जानकारी लोगों को जानकारी दिया है। जिसके बाद थानाध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा सभी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। इस दौरान निरीक्षक महेन्द्र कुमार यादव, एसआई राहुल कुमार, अभिषेक मिश्रा, तृप्ति पाण्डेय, प्राची पाण्डेय, निर्भय सिंह, अशोक कुमार, लेखपाल विनोद गिरी, नगर पंचायत अजित सिंह, संतोष कुमार, अब्दुल सत्तार कुरैशी, मुस्तकिम आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलते ही खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

बीजपुर / सोनभद्र(एजेंसी)। खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर ने शुक्रवार को विकास खंड के दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बीईओ के औचक निरीक्षण से शिक्षकों में हड़कम्प मच गया। बीईओ के निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय धरतीडाड 8रू10 पर बंद पाया गया कार्यरत 3 शिक्षक मुकर्रब अली प्र.प्र.अ. व सहायक अध्यापक अनिल कुमार यादव, नेहा वर्मा अनुपस्थित रहे बच्चे परिसर में खेलते पाए गए।

वही कंपोजिट विद्यालय इंजानी में 8:20 पर निरीक्षण किया गया कुल छात्र नामांकन 214के सापेक्ष 114 बच्चे उपस्थित रहे जहा तेजबली स.अ, निरीक्षण के दौरान उपस्थित हुए उन्हें समय से उपस्थित होने की चेतावनी दी गई। रीता कुमारी शिक्षा मित्र, व जीविता अनुदेशक अनुपस्थित मिले। 8:35 पर प्रा. वि. बुडा में कुल छात्र नामांकन 69 के सापेक्ष 50 बच्चे उपस्थित रहे विद्यालय में प्रभारी शिक्षक राजेश कुमार जायसवाल उपस्थित मिले वहीं सहायक अध्यापक अंगद राजभर व शिवानंद अनुपस्थित मिले। 8:45 पर उ.प्रा.वि.कोटा पिंडारी में छात्र नामांकन 160के सापेक्ष 85 उपस्थित मिले प्रधानाध्यापक हीरिश कुमार साह उपस्थित मिले सहायक अध्यापक रुचि सिंह, संगीता चौधरी निरीक्षण के समय उपस्थित हुई जिन्हें समय को ध्यान रखें कि चेतावनी दी गई वहीं रंजना दूबे अनुपस्थित रहीं। प्रा.वि. कोटा पिंडारी 9:00 बजे निरीक्षण के दौरान 120 छात्र नामांकन के सापेक्ष 75 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक सतीश यादव व शिक्षा मित्र कलावती उपस्थित रहे। प्रा वि मनरहवा मे 72नामंकन के सापेक्ष 34 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक सन्तोष कुमार जायसवाल, शिक्षा मित्र अर्चना, सन्तोष कुमार उपस्थित मिले। यू पी एस नागराज में 50नामांकन के सापेक्ष 39 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक अनिल द्विवेदी उपस्थित रहे। यूपीएस झीलो में 70 नमांकन के सापेक्ष 49 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक पवन सुकलेश सहायक अध्यापक आदर्श दीक्षित शिक्षण कार्य करते पाए गए। कंपोजीट विद्यालय खमहरिया में 221 नामांकन के सापेक्ष 109बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक राहुल सोनकर, रविशंकर सिंह, उपस्थित मिले, वही मुरली पांडेय चिकित्सकीय अवकाश पर रहे।

प्रा.वि.खम्हरिया में 71नामांकन के सापेक्ष 50 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक मनीषा सिंह शिक्षा मित्र ललिता देवी उपस्थित मिली, सहायक अध्यापक पदमिनी सिंह 3 जुलाई से लगातार अनुपस्थित मिली। प्रा.वि.झीलों में नामांकन 102 के सापेक्ष 57 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक स्वेता जायसवाल स.अ.ज्योति मौर्या दयानन्द शिक्षा मित्र शिक्षण कार्य करते पाए गए। प्रा वि झील्लीमहुआ में नामांकन 105 के सापेक्ष 64 बच्चे उपस्थित रहे विद्यालय में प्रभारी शिक्षिका सुगीता उपस्थित रही। शिक्षा मित्र लालजी हस्ताक्षर बना कर गायब रहे, सविता शिक्षा मित्र अनुपस्थित, रीता वर्मा शिक्षा मित्र 1 जुलाई से लगातार अनुपस्थित चल रही है। प्रा वि उतरी टोला नौडीहा नामांकन 21 के सापेक्ष 12 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक सुनेश्वर गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं साहुद अहमद 1जुलाई से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।बीईओ ने बताया कि अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों पर कार्यवाई हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र को संस्तुति प्रेषित किया गया है।

## स्काई ग्लास ब्रिज का निरीक्षण करते डीएम



चित्रकूट(एजेंसी)। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाठा क्षेत्र के तुलसी जल प्रपात में बने प्रदेश के पहले स्कॉई ग्लास ब्रिज के निर्माण स्थल पर कई जगह दरार आने के बाद डीएम व वन विभाग के उपनिदेशक मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। कई कमियां मिलने पर डीएम ने निर्देश दिए कि तत्काल ठीक कराया जाए। संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट किये जाने की कार्रवाई की जाए। कहा कि सुरक्षा मानकों को देखते हुए एमएनआईटी प्रयागराज से सुरक्षा का ऑडिट कराये जाने के बाद ही पर्यटकों के लिए इसे खोला जाये। निरीक्षण के दौरान सभी ने इस बात पर राहत की सांस ली कि अभी यह वन विभाग को हैंडओवर नहीं हुआ था। निर्माण प्रक्रिया पर है। लोकसभा चुनाव के पूर्व कहा गया था कि यह तैयार है बस इसका औपचारिक शुभारंभ होना है। इसके पूर्व ही ब्रिज के कई चबूतरों में दरार आ गई। मानिकपुर तहसील अंतर्गत वन विभाग के नियंत्रण में तुलसी जल प्रपात के ईको पर्यटन विकास कार्य के लिए स्काई ग्लास ब्रिज का निर्माण कार्य मे. पवनसुत कांस्ट्रक्शंस गाजीपुर द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत 3.70 करोड़ है। इस स्थल में कई जगह दरार होने की जानकारी पर शुक्रवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने वन विभाग के उपनिदेशक एनके सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

## आदिवासी सच्चे प्रकृति पूजक, वनों, वृक्षों के संरक्षण से ही जीवन संभव

सोनभद्र(एजेंसी)। म्योरपुर रेंज क्षेत्र के गड़िया ग्राम पंचायत से लगे वन कंपार्टमेंट नंबर एक में वन विभाग द्वारा एक जुलाई से सात जुलाई तक मनाए जा रहे वन महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड ने आम का पौध रोपण कर अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी वृक्षों, पहाड़ों, नदियों का आदि काल से पूजन करते चले आ रहे हैं, आदिवासी लोग लोग साजा आसन के वृक्ष के नीचे बड़ा देव की पूजा करते है, आदिवासी तब से वनों, वृक्षों का सरक्षण करते आ रहे जब वन विभाग अस्तित्व में भी नही था, आज कुछ लोग निजी स्वार्थ व लालच में आ कर गैर जनपदों से नौकरी करने, व्यापार करने, ठेकेदारी करने आए लोगो के चक्कर में पड़ शीशम, सागौन, साखू जैसे बहुमूल्य वृक्षों को काट वनों को खाली करने पर जुटे है।

श्री गोंड ने कहा कि हम ग्रामीण वन विभाग को अपना शत्रु मान बैठे है वही वन विभाग ग्रामीणों का अपना शत्रु मानता है जरूरत है आपस में मित्र बनने की तभी वन सुरक्षित होंगे, वृक्षसे ही हमे आक्सीजन मिलता है इनके बगैर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती उन्होंने कहा जन जागरूकता से ही वनों का संरक्षण संभव इस लिये जरूरत है वनों की कटान बन्द हो हर ब्यक्ति वनों का संरक्षण करने के बारे में सोचे व कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाए विधान सभा दुद्धी के अध्यक्ष व दुद्धी पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष अवध नारायण यादव ने वन विभाग का व विधायक विजय सिंह गोंड का वन महोत्सव में आभार जताते हुए बताया की प्रदूषण के कारण लाह की फसल समाप्त हो गई, फलदार वृक्षों की उत्पादकता,फसलों की उत्पादकता कम हो गई अधिक से अधिक पौधारोपण व सन रक्षण कर प्रदूषण से मुक्ति पाई जा सकती है, क्षेत्रीय वन अधिकारी जबर सिंह यादव,ने वनों व बृक्षो के महत्व पर प्रकाश डाला,

इस दौरान मून स्टार इंग्लिस स्कूल के बच्चो को फलदार पौधो आम, आंवला, अमरूद, महुआ, शरीफा के पौधे वितरित किए गए, कार्यक्रम में आशुतोष चतुर्वेदी, अनवर अली, प्रेमचंद यादव, बुद्धि नारायण यादव, महेंद्र यादव, वन दरोगा विजेंद्र सिंह, विद्या पांडे, शकील अहमद, ओमप्रकाश जायसवाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## बारिश से पाँच किलोमीटर सम्पर्क मार्ग की पटरी ध्वस्त,सड़क दुर्घटना बढ़ी

बीजपुर / सोनभद्र(एजेंसी)ग्राम सभा नेमना सरकारी स्कूल के पास से नाउपाथर टोला तक पाँच किलोमीटर बनी सम्पर्क सड़क की पटरी रखरखाव और मरम्मत के अभाव में बारिश के कारण ध्वस्त हो गयी है। बरसात के पानी की समुचित निकासी ब्यवस्था न होने के कारण पानी सड़क को बर्वाद कर रहा है और पटरी को काट कर नाली बना दिया है जिसके कारण आयेदिन इस सड़क पर दुर्घटना बढ़ गयी है।

गाँव के सिपाहीलाल, देवकुमार, सुभाष, पन्नेलाल, झुरई राम, अंजनी राम, लल्लू राम, मनीज कुमार, विमलेश कुमार, रामप्रताप सहित अनेक लोगों का आरोप है कि पाँच साल पहले बनी इस सड़क की पटरी के मरम्मत का कार्य लोकनिर्माण बिभाग कभी नही कराया जिसके कारण प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में बारिश के पानी से रैन कट होकर पटरी क्षतिग्रस्त होती जा रही है। ग्रामीण बताते है कि सड़क पर पानी के तेज बहाव से गिट्टी मिट्टी जमा होने के कारण सड़क बर्बाद हो रही है तो आयेदिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।लोगों ने तत्काल बिभाग से संज्ञान लेकर पटरी दुरुस्त कराने की माँग की है।इस बाबत जेई विनोद भारती ने कहा ठीक कराया जाएगा।

## बिजली विभाग में चल रहा घालमेल, स्थानांतरण के दो सप्ताह बाद भी एसडीओ ने नही ग्रहण किया कार्यभार

बीजपुरध्सोनभद्र(एजेंसी)। यूपीपीसीएल बिजली वितरण निगम म्योरपुर से एसडीओ राहुल सुंदरम का स्थानांतरण 2 सप्ताह पूर्व ही रावर्ट्सगंज के लिए हो गया है उनके स्थान पर शिवम गुप्ता को एसडीओ बनाया गया है। विद्युत वितरण निगम मिर्जापुर के मुख्य अभियंता जेपीएन सिंह ने 22 जून 2024 को अपने आदेश में विद्युत परीक्षण उपखण्ड रावर्ट्सगंज में तैनात रहे शिवम गुप्ता को उपखण्ड म्योरपुर के लिए और म्योरपुर वितरण निगम उपखण्ड में तैनात रहे राहुल सुंदरम को उपखण्ड रावर्ट्सगंज के लिए स्थानांतरण प्रशासनिक स्तर पर किया है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानांतरण के पंद्रह दिन बाद भी दोनों अधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण नही किया है।जनचर्चा पर गौर करें तो म्योरपुर में तैनात राहुल सुंदरम अपनी विभागीय पहुंच और सेटिंग के जरिये स्थानांतरण रुकवाने में लगे हुए हैं जब कि जनता में शिकायत थी कि एसडीओ वितरण निगम का कार्य ठीक ढंग से नही कर रहे हैं। नवम्बर से अब तक ओटीएस योजना में लगी सैकड़ों फाइल पेंडिंग चल रही है उपभोक्ताओं के ऊपर पैसा जमा करने के बावजूद बेवजह बिजली बिल बकाया पड़ा है उपभोक्ता एसडीओ दफ्तर का चक्कर काट कर थक गए हैं ऐसे में लोगों ने बिजली वितरण निगम के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर तत्काल स्थानांतरण आदेश का पालन कराने की मांग की है।एक्सईएन पिपरी दिलीप कुमार ने कहा कि उनके स्थान पर कोई आएगा तब इनको रिलीव किया जाएगा।

## आवास की दूसरी किश्त पाने को भटक रहा लाभार्थी

चित्रकूट(एजेंसी)। लोहिया आवास योजना से घर बनाने को प्रथम किश्त मिलने के बाद दूसरी किश्त सात वर्ष बीतने के बाद अभी तक पीड़ित को नहीं मिली। जिससे अधूरा मकान बना है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित डीएम को भेजे पत्र में मांग की है कि मामले की जांच कराकर दूसरी किश्त मुहैया कराई जाए।तहसील मानिकपुर के बड़ी मडैयन के राकेश कुमार पुत्र राजकुमार ने भेजे गए पत्र में अवगत कराया कि चार जनवरी 2017 को लोहिया आवास योजना की पहली किश्त मिली थी। तत्कालीन प्रधानपति ने फोन से उसे धमकी दी। रात्रि को तीन लोग बाइक से आए और 15 हजार रुपए भी ले गए। कहा कि जब तक 25 हजार रुपए नहीं दोगे तब तक आवास नहीं बनने देंगें। बताया कि किश्त से मिमली धनराशि से आवास बनाने की सामग्री खरीदी। किसी तरह आवास निर्माण शुरू कराया। द्वितीय किश्त न मिलने के चलते छत नहीं डाली जा सकी। बताया कि दूसरी किश्त की लगातार मांग करता रहा। बीडीओ मानिकपुर के कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि योजना बंद करने का हवाला देकर दूसरी किश्त देने से इंकार कर दिया गया। आरोप लगाया कि दूसरी किश्त संबंधित कर्मचारियों ने निकाल लिया। शिकायत करने पर अधिकारियों को भ्रामक रिपोर्ट भेजकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि जब उसे एक किश्त दे दी गई तो दूसरी किश्त कहां चली गई। पत्र में पीड़ित ने प्रकरण की जांच कराकर दूसरी किश्त दिलाने की फरियाद लगाई है।

## खाताधारक से बैंक अधिकारी ने की मारपीट

पहाड़ी (चित्रकूट)(एजेंसी)। पहाड़ी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत नांदी तौरा स्थित आर्यावर्त बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों के हाल बेहाल है। आरोप है कि आए दिन खाताधारकों से अभद्रता की जाती है। नांदी गांव निवासी बलराम पुत्र मूलचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि वह आर्यावर्त बैंक शाखा नांदी का खाताधारक हैं। ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी है। पासबुक लेकर बैंक चेक कराने गया था। जहां असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर ने पासबुक फेंक दिया। कहा कि अभी समय नहीं है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में पचासी शिकायतों में छः का हुआ निस्तारण

लालगंज, प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीआरओ राकेश कुमार की अध्यक्षता में अफसरों ने शिकायतों की सुनवाई की। पचासी प्रार्थना पत्रों में छः का अधिकारियों ने निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की तीस, पुलिस विभाग पचीस, विकास ग्यारह, समाज कल्याण एक, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत विभाग आठ, आपूर्ति दो व अन्य विभागों की सात रहीं। शिकायतों में ज्यादातर जमीनी विवाद से जुडी नजर आयीं। वहीं विद्युत बिलों में गडबडी तथा सरकारी गल्ले की दुकानों में अनियमितताओं के साथ चकरोड पर कब्जे को लेकर भी शिकायत दर्ज कराने फरियादी पहुंचे। मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार ने अफसरो को शिकायतो के निस्तारण के लिए कडे निर्देश दिये। पुलिस से जुडी शिकायतों की सुनवाई सीओ रामसूरत सोनकर ने किया। समाधान दिवस का संयोजन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, पूर्ति निरीक्षक राजीव तिवारी, नपं प्रतिनिधि अनिकेत, प्रदीप सिंह, केके सरोज आदि रहे।

## आगजनी में लाखों का सामान जलकर हुआ खाक



लालगंज, प्रतापगढ़। सार्टसर्किट से दुकान में आगजनी से पीड़ित का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार में रामचंद्र केसरवानी के पुत्र शैलेन्द्र केसरवानी ने इलेक्टानिक की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की रात अचानक सार्टसर्किट से दुकान के अंदर आग लग गयी। आग की लपटें को देख आसपास के व्यापारी भी भयभीत हो गये। रात करीब एक से डेढ़ बजे आग की लपटें देख व्यापारी व स्थानीय लोग वहां पहुंचे। लोगों ने आग बुझाने की मशक्कत के साथ फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। लालगंज से फायर बिग्रेड की टीम पहुंची। करीब ढाई घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इधर आगजनी की जानकारी पर लालगंज कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। आगजनी में दुकान में रखे पंखे, कूलर, फ्रिज, वांशिग मशीन आदि कीमती सामान जलकर नष्ट हो गये।

## प्रमोद व मोना के निजी संकल्पों से बाबा धाम में शिव प्रतिमा की स्थापना का कार्य हुआ प्रारम्भ



लालगंज, प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के निजी संकल्पों के तहत सई के मध्य में भगवान शिव की भव्य प्रतिमा शीघ्र श्रद्धालुओं को समर्पित हो सकेगी। शनिवार को प्रतिमा को सई के मध्य स्थापित कराए जाने का कार्य प्रारम्भ हुआ दिखा। आगामी उन्नीस जुलाई को विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा देवाधिदेव महादेव की प्रतिमा का विधिवत पूजन अर्चन के साथ यह प्रतिमा श्रद्धालुओं को समर्पित होगी। पिछले महाशिवरात्रि पर विधायक मोना व सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम में सई के मध्य भगवान शिव की विशाल प्रतिमा को निजी तौर पर स्थापित कराये जाने की घोषणा की थी। शनिवार को बाबा धाम में प्रतिमा को क्रेन के सहारे सई नदी के मध्य पहुंचाया गया। प्रतिमा स्थापना का कार्य शुरू होने पर बाबा धाम में मौजूद सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र सहित श्रद्धालुओं को भी प्रसन्न देखा गया।

## युवती का अपहरण, आरोपी के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के भदारी कला निवासी रामसिंह की पत्नी बबिता ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन जुलाई को दोपहर उसकी पुत्री घर से बाहर गयी थी। बगल के शिवबक्श भदारी कला निवासी फूलचंद्र का पुत्र अंकित उर्फ गोलू उसकी पुत्री को बहलाफुसला कर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट एवं गालीगलौज तथा धमकी को लेकर कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। लालगंज के कटरा दुग्धा निवासी राधेश पटेल की पत्नी अमरावती ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो जुलाई की शाम पांच बजे विपक्षियों ने एक राय होकर मारपीट की। तहरीर में कहा गया है कि गांव के सोनी वर्मा के पुत्र चंद्रपाल, इनकी पत्नी धनाऊ, पुत्रियां आंचल, सरस्वती व पूजा ने पीडिता व उसकी बहू को दरवाजे पर गाली दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीडिता व उसकी बहू को मारपीट कर चुटहिल कर दिया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ

माधौगंजध्हरदोई(एजेंसी) ।अमर सेनानी राजा नरपति सिंह रुइया स्मारक पर शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने बरगद का पेड़ तथा उप जिलाधिकारीबिलग्राम ने सिरसा का पेड़ लगाकर अभियान का शुभारंभ किया ।भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि लगाये गये पेड़ों की देखभाल मां की तरह ही करें।

# शारदा सहायक नहर से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

### शव की शिनाख्त नहीं हो सकी,पुलिस ने पीएम हेतु भेजा



मसौली बाराबंकी ।थाना क्षेत्र में शारदा सहायक डबल नहर बिन्दौरा में ग्राम गदवापुर गांव के निकट एक अज्ञात शव बरामद हुआ है। ग्रामीणो की सूचना पर मसौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया परन्तु सफलता हासिल नही हो सकी। पुलिस आस–पास जनपद एवं थानों में व्हाट्सएप के जरिए प्रचार प्रसार करके शिनाख्त का प्रयास करने में लगी है। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शारदा सहायक डबल नहर बिन्दौरा में ग्राम गदवापुर के निकट कई दिन पुराना एक अज्ञात व्यक्ति का शव नहर के पानी में बहता हुआ देखा गया। ग्रामीणो ने इसकी सूचना मसौली पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को नहर के पानी से निकाला ।मृतक के दाहिने हाथ में गोदना से झब्बो सिंह गुदा है। फूल आस्तीन टी शर्ट कत्थई रंग की और नीले रंग का जींस पहने हुए है। दाहिने हाथ की कलाई में काले रंग का धागा बांध हुआ है ।जिसकी उम्र करीब 30 वर्षीय जताई जा रही है ।उसकी शिनाख्त का प्रयास किया परन्तु सफलता हासिल नही हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मसौली प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया है कि शव के शिनाख्त का प्रयास किया गया लेकिन सफलता हासिल नही हो सकी है ।शव कई दिन पुराना है। आसपास के जनपद एवं थानों में व्हाट्सएप के जरिए प्रचार प्रसार करके शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# अलमारी का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखो के जेवरात चोरी

### विरोध करने पर महिला की पिटाई,पुलिस व डाग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल शुरू की



निन्दूरा बाराबंकी ।बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी हजारों की नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के समय घर में सो रही विकलांग महिला को चोरों ने लोहे के डंडे से पिटाई कर दी और बक्सा लेकर फरार हो गए। घर से कुछ दूरी पर बक्से का सामान निकालकर तालाब के किनारे बक्सा फेंककर चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घुघटेर कोतवाली क्षेत्र के पिण्डसावा गांव निवासी नीरज कुमार के मुताबिक शुक्रवार की रात घर में मेरी उनकी दिव्यांग पत्नी दो छोटे बच्चों और मां के साथ सो रही थी तभी अज्ञात चोर घर के पीछे छप्पर पर चढ़कर घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें पंद्रह हजार की नगदी, तीन जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का हार, चार जोड़ी बिछिया, एक सोने की अंगूठी, सोने का माला,एक मंगलसूत्र सहित अन्य सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिए। वारदात के समय सो रही पत्नी जग गई और विरोध किया, तो चोरों ने लोहे के राड से उसकी पिटाई कर दी और बक्सा लेकर निकल गए। घर से कुछ दूरी पर बक्से से सामान निकालकर बक्सा तालाब के किनारे छोड़कर कर फरार हो गए। पीड़ित नीरज ने बताया कि 15 हजार की नगदी सहित करीब चार लाख से अधिक के जेवरात अज्ञात चोर उठा ले गए और साथ में घर का फोन भी उठा ले गए ।वह हरदोई में नौकरी करते हैं और वही थे तभी रात मे पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की जानकारी दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

# घर में सो रहे सफाई कर्मी की गोली मारकर हत्या

### घटना से फैली सनसनी, फश्वरेंसिक टीम के साथ एसपी ने लिया मौके का जायजा



बाराबंकी। घर के बाहरी कमरे में सो रहे युवक की किसी अज्ञात व्यक्ति ने खिड़की से गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह खेत से घर पहुंची मृतक की भतीजी ने चाचा को मृत देख कर शोर मचाया तब घर के लोगों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। हत्या की सूचना पाकर घटना स्थल पर एसपी सहित कई थानों की पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मुरई मजरे मधनापुर के 35 वर्षीय युवक की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी बदोसराय, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी पुलिस अधीक्षक सहित रामनगर, मसौली, टिकैत नगर, सफदरगंज आदि थानों की पुलिस फोरेंसिक टीम मौके पर पंहुच कर जांच पड़ताल किया है। क्षेत्र के ग्राम मुरई का अरविंद कुमार उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र रामसागर घर के बाहरी कमरे में खिड़की के पास तख्त पर लेटा हुआ था। रात करीब 3 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने खिडकी के बाहर से गोली मारकर हत्या कर दी । गांव के लोगों का कहना है कि अरविंद बहुत ही सीधा एंव सरल स्वाभाव का था जो कि सिरौलीगौसपुर ब्लाक में सफाई कर्मचारी था और ग्राम मरकामऊ में तैनात था। उसकी किसी से रंजिश नहीं थी। वहीं रात में पडोस के खेत में धान रोपाई करने के लिए इंजन से पानी भरा जा रहा था । जिसकी आवाज के चलते परिजन गोली चलने की आवाज नहीं सुन पाये । जिससे घर में सो रहे अन्य लोग कुछ नहीं जान पाए। सुबह खेत से लौटी भतीजी ने खिड़की से देखा की चाचा खून से लथपथ पड़े हैं। उसके शोर मचाने पर घर के लोगों के साथ ही पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया । सूचना पाकर तत्काल थानाध्यक्ष बदोसराय सन्तोष कुमार फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया । इसके बाद पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह फोरेंसिक टीम मौके पर पंहुच कर जांच पड़ताल की। पुलिस ने भाई वीरेन्द्र की लाइसेंसी रायफल को कब्जे में ले लिया है। मृतक अरविंद वर्मा की पत्नी व बच्चे प्रतिभा पटेल 8 वर्ष, अक्षत 6 वर्ष तथा दूसरे भाई अशोक कुमार के बच्चों के सहित लखपेड़ा बाग बाराबंकी में रहकर बच्चों की पढाई कराती है ।सूचना पर पहुंची पत्नी बच्चों व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है ।

# समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में गरजे वकील, सीआरओ को सौंपा ज्ञापन

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील परिसर में जर्जर तारों के लटकने तथा शौचालयों में जलापूर्ति न होने के साथ खतौनी में लापरवाही आदि समस्याओं को लेकर वकीलों ने समाधान दिवस में जमकर नारेबाजी की। वहीं लालगंज सर्किल के थाना क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाओं से भी वकीलों मे गुस्सा देखा गया। नारेबाजी के बीच अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकांत निराला व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में डीएम को संबोधित ज्ञापन सीआरओ राकेश कुमार को सौंपा। वहीं मांग पत्र में अधिवक्ताओं ने सीआरओ न्यायालय में पत्रावलियों के लम्बे समय से निस्तारित न होने व उनकी कार्यशैली को लेकर भी नाराजगी जतायी। पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि आवारा पशुओं के द्वारा खेती को नुकसान हो रहा है। उन्होनें गोशालाओं में कुप्रबन्धन को समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराया। महामंत्री सूर्यकांत निराला ने कहा कि सार्वजनिक शौचालयों में पानी की सप्लाई न होने से वादकारियों को भी कठिनाई उठानी पड़ रही है। वहीं ज्ञापन के समय अधिवक्ताओं ने सीओ से कहा कि लालगंज सर्किल के थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। अधिवक्ताओं का आक्रोश था कि पुलिस चोरी की घटनाओं में एफआईआर भी दर्ज नही कर रही है ।

# भाजपा कार्यालय पर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित





हरदोई(एजेंसी) ।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने मुखर्जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर बोलते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं संचालन महामंत्री ओम वर्मा ने किया ।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके संस्मरणों को स्मरण करते हुए बताया कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक, राष्ट्रीयता के समर्थक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होंने कहा कि जब जब भारत की एकता, अखण्डता एवं राष्ट्रीयता की बात होगी तब डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रजीवन में किये गए योगदान की चर्चा अवश्य होगी। डॉ. मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। इसके लिए संसद के अपने भाषण में उन्होंने धारा–370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तात्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. मुखर्जी निरन्तर राष्ट्र श्रद्धा के प्रतीकों का मान एवं रक्षण करते रहे। वे सदैव देशहित में स्वदेशी चेतना, स्वदेशी जीवन पद्धति, स्वदेशी वेशभूषा तथा स्वदेशी संस्कार के प्रकटीकरण पर बल दिया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्रधर्म का पालन करने वाले साहसी, निडर एवं जुझारु कर्मयोद्धा थे।आज डॉ. मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर अपने हाथों में ली है, तब से कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने, भारतीय संस्कृति की शिक्षा एवं संस्कार को आधार मानते हुए सारे विश्व में इसके प्रसार के लिए वे अग्रदूत की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। मोदी ने डॉ. मुखर्जी के व्यापक दृष्टिकोण एवं भारत को लेकर उनके सपनों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से प्रस्तुति दी है। देश और दुनिया में उनकी विचारधारा एवं सपनों को प्रभावी ढंग से न केवल प्रस्तुति दी है बल्कि उन अधूरों सपनों को पूरा भी करने की ओर डग भरे हैं।

जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी का जीवन देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने को समर्पित रहा। जिलाध्य ने बताया कि देश में स्थापित भाजपा की दकं सरकार मुखर्जी के सपनों को पूरा कर रही है। जो कश्मीर कभी आग और आतंक की भेंट चढ़ा रहता था आज वह शांति, सौहार्द, पर्यटन और विकास का पर्याय बनता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए तन मन से समर्पित है। प्रधानमंत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज उन सभी संकल्पों को पूर्ण कर रहा है जिसका स्वप्न कभी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा था।

## मेड़ बंदी के लिए गए लेखपाल और आरआई की एक महिला ने की पिटाई

हरदोई(एजेंसी) ।मेड़ बंदी के लिए गए लेखपाल और आरआई



की एक महिला ने पिटाई कर दी। इसका वीडियो सामने आया है। घटना के बाद 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना कासिमपुर थाना क्षेत्र के दुलारपुर आंट गांव की है ।यहां जमीन की मेड़ बंदी करते समय एक महिला ने सरकारी कर्मचारी को पीट दिया। लेखपाल और आरआई ने 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पीड़ित राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी ।हरदोई शहर कोतवाली के कस्बा सराय थोक निवासी राजस्व निरीक्षक राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि उप जिलाधिकारी के आदेश पर कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दुलारपुर आंट में भगौती प्रसाद और रामकिशोर के खेत पर लेखपाल गिरजाशंकर के साथ मेडबंदी के लिए गए थे। इसी दौरान पैमाइश के दौरान भगौती और रामकिशोर के विपक्षी फूलमियां, इजहार अली, सानिया,सायमा,अनीशा, मासूक अली,अकील, कमालुद्दीन और काटिया निवासी दुलारपुर आंट थाना कासिमपुर मौके पर आ गए ।सरकारी काम में बाधा डालते हुए राजस्व निरीक्षक और उनके साथी लेखपाल गिरजाशंकर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। बीच–बचाव करने आए भगौती के साथ भी वो लोग मारपीट करने लगे। जब मौके पर कई लोगों ने बीच बचाव किया तो विपक्षीगण गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए ।घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला राजस्व निरीक्षक पर थप्पड़ चलाती नजर आ रही है। कासिमपुर थानाध्यक्ष रामलखन ने बताया की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## नगर की बेहतरी के लिए एक करोड़ चौदह लाख खर्च करेगी नगरपालिका बिलग्राम

बिलग्रामध्हरदोई(एजेंसी) ।नगर पालिका परिषद, बिलग्राम की बोर्ड बैठक में शनिवार को सड़क निर्माण, इंटरलाकिंग बाउंड्रीवाल निर्माण, प्रकाश व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यों के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए ।पालिका परिषद के सामुदायिक भवन में बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अनिल राठौर ने कहा कि पालिका का विकास कराना उनका दायित्व है जिसका निर्वाहन पूर्ण रूप से होगा अधिाषासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने विकास का खाका प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन से टाइड ग्रांट के माध्यम से लगभग 68लाख और अनटाइड ग्रांट के माध्यम से लगभग 45लाख की धनराशि प्राप्त हुई है कुल एक करोड़ 13 लाख 88हजार रुपया पालिका को मिला है ।जिसके लिए एक जे सी बी की खरीददारी तथा बजरिया नलकूप की बाउंड्री वॉल द्वार और इंटर लॉकिंग के अलावा सड़कों को चिन्हित कर उनका निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा नगर चौराहा कोतवाली के निकट से सांडी मार्ग तक का विद्युतीकरण कराकर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। स्टांप शुल्क से मिले एक लाख एक हजार रुपए से शव के लिए डीप फ्रीजर की खरीदारी करने का प्रस्ताव हुआ। सभासदों के चिन्हित स्थानों पर 25फ्रीजर की स्थापना का प्रस्ताव हुआ गुलाबवाडी चुंगी के निकट बनी बस्ती में नाला व जलनिकासी के प्रबंध के लिए धिानराशि मागे जाने का प्रस्ताव हुआ । सर्वे कराकर जलकर गृह कर को संशोधित करने पर प्रस्ताव हुआ। एजेंडे 26 फरवरी बैठक की पुष्टि और आय व्यय अवलोकन संबंधी प्रस्ताव पर सभासद मुकेश पाठक विनय व रामनरेश सभासदों ने असंतोष जताया।

## फैमिली एडाप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम गौराडंडा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरदोई(एजेंसी) ।स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय हरदोई द्वारा फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम गौराडंडा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया ।कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दीपक चोपड़ा की अध्यक्षता में एवं विद्यालय के डीन डॉक्टर संजीव दवे के निर्देशन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 104 मरीजों का परीक्षण किया गया ।शिविर में मेडिसिन विभाग से डॉ रमेश झा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मनजीत सिंह , नेत्र रोग विशेषज्ञ डा नितिश कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ करन गोंड़, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नीतिका गुप्ता एवं स्टाफ नर्स के द्वारा शुगर का परीक्षण किया गया व बैच 2021 के छात्रों द्वारा अन्य परीक्षण किए गए तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई ।शिविर का संचालन शिविर इंचार्ज डॉ गोपाल दीक्षित के अंतर्गत संपन्न हुआ ।इस अवसर पर विभाग से डॉ आयुष ओमर, डॉ दिलीप, डॉ शिवांगी, डॉ खुशबू , डॉक्टर सुमित त्रिपाठी, विजय भारद्वाज, सुधीर बाजपेई, आलोकिता श्रीवास्तव, श्रीमती निदा खान, संजीव, संदीप,महेंद्र एवं विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे ।शिविर में ग्राम प्रधान विनोद कुमार वालंटियर शिवपूजन के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## आनलाइन प्रतियोगिताओं के आयोजित लेट्स डांस प्रतियोगिता के सभी वर्गों के परिणाम घोषित

हरदोई(एजेंसी) ।अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 1 जून से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रहीं ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के सातवें सीजन में आयोजित लेट्स डांस प्रतियोगिता के सभी वर्गों के परिणाम घोषित कर दिए गए। इन ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगिताओं के साथ साथ प्रतिभागियों को कार्यशाला सा अनुभव देना है। लेट्स डांस प्रतियोगिता के परिणामों के विषय में जानकारी देते हुए आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि फाइनल में प्राइमरी वर्ग को बीते दशकों की फिल्मों के गाने पर नृत्य व अन्य वर्गों को सेमी क्लासिकल नृत्य का टास्क मिला। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर प्राइमरी वर्ग से हरदोई की रॉबिन प्रथम, पूर्णिमा सिंह द्वितीय व परी तृतीय रहीं। वाची, धृति, अनाया, भाविका, अनन्या व आर्तिका को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में अलीगढ़ की समृद्धि सिंघल प्रथम, हरदोई की लाईबा खान द्वितीय व वैष्णवी सिंह तृतीय रहीं। नाव्या देवल व हर्षिता वर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में हरदोई की ज्योति गुप्ता प्रथम व पूजा पाल द्वितीय रहीं। मोस्ट सीनियर वर्ग में हरदोई की पूजा कश्यप प्रथम, लखनऊ की सारिका राजन द्वितीय व गया की ।

# यूरो 2024: फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी में शूट किया, सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ंत



बर्लिन,06 जुलाई। फ्रांस ने शुक्रवार को हैम्बर्ग के वोक्सपार्क स्टेडियम में यूरो 2024 क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5–3 (0–0) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी जहां उसका मुकाबला स्पेन से होगा।फ्ध्रांस और पुर्तगाल ने पहले हाफ में समान रूप से संतुलित प्रदर्शन किया।पहले हाफ के 16 मिनट के खेल में पुर्तगाल को मौके मिले, जब ब्रूनो फर्नांडीस के लक्ष्य पर आशाजनक प्रयास को डिफेंडर विलियम सलीबा ने रोक दिया।फ्रांस ने पहले हाफ का सबसे अच्छा मौका चार मिनट बाद बनाया जब थियो हर्नांडेज ने दूरी से पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा को एक्शन में आने के लिए मजबूर किया।आधे समय के बाद, पुर्तगाल ने बागडोर संभाली और घंटे के निशान के करीब बढ़त बनाने के लिए आ गया, जब जोआओ कैंसलो की गेंद फर्नांडिस के पास पहुंची, जिसका ड्रिल्ड प्रयास लेस ब्लेस के गोलकीपर माइक मेगनन ने बचा लिया।66वें मिनट में फ्रांस ने पुर्तगाल को लगभग पकड़ लिया था , लेकिन रूबेन डायस ने आखिरी समय में रैंडल कोलो मुआनी के शॉट को रोक दिया।डिडिएर डेसचौम्प्स के खिलाड़ियों के पास समापन चरण में अधिक गति थी लेकिन एडवर्डो कैमाविंगा और ओस्मान डेम्बेले अपने आशाजनक अवसरों को गोल में नहीं बदल सके।ओवरटाइम में पुर्तगाल अधिक सक्रिय टीम थी जबकि फ्रांस ने गहरा बचाव किया और पलटवार का इंतजार किया। जोआओ फेलिक्स के पास देर से ओवरटाइम विजेता बनाने का सुनहरा मौका था, लेकिन मुश्किल कोण से उनका हैडर साइड नेट में घुस गया।

गोलरहित 120 मिनट के बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। दोनों पक्षों के लिए दो सफल पेनल्टी के बाद, फेलिक्स चूक गए और बाएं पोस्ट पर नीचा शॉट मारा। हर्नांडेज ने मौके से 5–3 की बढ़त बनाने के बाद फ्रांस के लिए जीत हासिल की।

फ्रांस के गोलकीपर मेगनन ने कहा, आज यह आसान नहीं था। हमने अपना जीवन कठिन बना लिया, लेकिन हमने बहुत अच्छा बचाव किया और एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी को दूर रखा। हम शूटआउट के दौरान घबराए नहीं थे और मैच जीत लिया। परिणाम के साथ, फ्रांस मंगलवार को म्यूनिख के एलियांज एरेना में सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।

# अर्थव्यवस्था रु 23 राज्यों ने 10 साल में स्टांप शुल्क से कमाए 13 लाख करोड़, मकानों की बिक्री में आया भारी उछाल



नई दिल्ली ,06 जुलाई। अर्थव्यवस्था में तेजी और कोरोना के बाद बढ़ती मांग से मकानों की बिक्री में भारी उछाल आया है। इससे पिछले 10 वर्षों में 23 राज्यों ने संपत्तियों के पंजीकरण के एवज में 13.7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की स्टांप ड्यूटी वसूली है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015 से 2019 के बीच 23 राज्यों में स्टांप शुल्क की वार्षिक चक्रवृद्धि दर 10.4 फीसदी रही है। महामारी के बाद वित्त वर्ष 2019 से 2024 के बीच यह दर 12.5 फीसदी रही है। इससे संकेत मिलता है कि कोरोना के बाद मकानों की बिक्री में अच्छा उछाल आया है। 23 राज्यों में से 16 राज्यों में स्टांप ड्यूटी बढ़ी है।

10 वर्षों में स्टांप शुल्क दर में काफी बदलाव आया है। कोरोना के समय कुछ राज्यों ने शुल्क को शून्य कर दिया था। हालांकि, अब यह कोरोना के पहले के स्तर पर वापस आ गया है। लोगों की आय स्तर में वृद्धि और खुद का घर होने की चाहत से मकानों की बिक्री में तेजी आई है। इससे स्टांप शुल्क की वसूली भी बढ़ी है। 5 वर्षों में तेलंगाना, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओडीशा और मेघालय में स्टांप शुल्क में कमी आई है।

83 लाख करोड़ रुपये का होगा रियल एस्टेट क्षेत्र

भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मजबूत गति से बढ़ने के लिए तैयार है। रियल एस्टेट क्षेत्र से बुनियादी ढांचे को पर्याप्त बढ़ावा देकर इसे और तेज किया जा सकता है। वर्ष 2030 तक रियल एस्टेट क्षेत्र के 83 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

जीडीपी में करेगा 15 फीसदी का योगदानरियल एस्टेट उद्योग 2047 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 15 फीसदी से अधिक योगदान कर सकता है। अभी यह सात फीसदी है। महंगी संपत्ति की बिक्री में भी लगातार वृद्धि हुई है, जो बढ़ती आय और दबी हुई मांग का संकेत है।

विदेशी निवेशकों ने लगाए 3. 1 अरब डॉलर

विदेशी निवेशकों ने जनवरी से जून के दौरान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 3.1 अरब डॉलर का निवेश किया है। जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश का करीब 65 फीसदी हिस्सा है।

उत्तर प्रदेश में शुल्क 12.5 फीसदी से घटकर सात फीसदी

पिछले 10 वर्षों में कई राज्यों ने स्टांप शुल्क बढ़ाया है तो कई ने घटाया है। उत्तर प्रदेश ने सबसे ज्यादा 5.5 फीसदी घटाया है। इस राज्य में पहले स्टांप शुल्क 12.5 फीसदी था जो अब सात फीसदी है। मध्य प्रदेश ने 8 फीसदी से घटाकर 7.5 फीसदी किया है। हरियाणा ने बढ़ाकर 5 से 7 फीसदी कर दिया है जो पहले 3 से 7 फीसदी था। छत्तीसगढ़ ने 8 से घटाकर पांच फीसदी किया है।

# मोटोरोला फैंस के लिए गुड न्यूज : 6000 रुपए सस्ता मिल रहा वाटरप्रूफ 5जी फोन मोटोरोला इज 40 नीयो



नई दिल्ली ,06 जुलाई। मोबाइल कंपनी मोटोरोला फैंस के लिए अच्छी खबर है। कंपनी ने अपने वॉटरप्रूफ 5जी स्मार्टफोन मोटोरोला इज 40 नीयो पर 6 हजार रुपए का भारी डिस्काउंट लेकर आई है। इस ऑफर का फायदा आप फ्लिपकार्ट सेल में उठा सकते हैं।

रैम और स्टोरेज के हिसाब से फोन को दो वेरिएंट 8जीबी़128जीबी और 12जीबी़256जीबी में लॉन्च किया गया था। लॉन्च के समय 8जीबी रैम वेरिएंट की कीमत 23,999 रुपए और 12त्रक्च रैम वेरिएंट की कीमत 25,999 रुपए थी। बाद में कंपनी ने इसकी कीमत में 1000 रुपए की कटौती की थी, जिसके बाद 8जीबी रैम वेरिएंट 22,999 रुपये और 12जीबी रैम वेरिएंट 24,999 रुपये का हो गया है। लेकिन सेल से आप इसे और भी कम कीमत में खरीद सकते हैं। ये मोबाइल फोन चार रंगों में ब्लैक ब्यूटी, कैनेल बे, पीच फज और सुदिंग सी कलर में उपलब्ध है।

फ्लिपकार्ट सेल में फोन का 8जीबी रैम वेरिएंट 22,999 रुपये में मिल रहा है। लेकिन बैंक ऑफर का लाभ लेकर आप इसकी कीमत को कम कर सकते हैं। ग्राहक चुनिंदा बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड ट्रांजैक्शन पर 2,000 रुपए की छूट का लाभ ले सकते हैं। फोन पर 3,000 रुपए का एक्स्ट्रा एक्सचेंज बोनस भी मिल रहा है। दोनों ऑफर के बाद, फोन के 8त्रक्च रैम वेरिएंट की प्रभावी कीमत 17,999 रुपये रह जाएगी, यानी लॉन्च प्राइस से पूरे 6,000 रुपये कम। इससे पहले की ऑफर खत्म हो जाए, तुरंत इस डील का लाभ उठाएं।

# वेनेजुएला को पेनल्टी में शूट कर कनाडा पहली बार कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में



आर्लिंगटन, 06 जुलाई। कनाडा ने इतिहास रचते हुए कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में वेनेजुएला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एटीएंडटी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले नियमित समय तक दोनों टीमों के 1–1 से बराबरी पर रहने के बाद कनाडा ने पेनल्टी शूटआउट में 4–3 से जीत हासिल की।खेल के 13वें मिनट में जैकब शैफेलबर्ग ने कनाडा को बढ़त दिला दी। टीम के पास अपनी बढ़त को और बढ़ाने के कई मौके थे लेकिन वह फिर से प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस को तोड़ने में सक्षम नहीं हो पाई।कनाडा ने अपराजित वेनेजुएला टीम के खिलाफ तब तक अपनी पकड़ बनाए रखी जब तक कि सॉलोमन रोंडन, फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी ने 40 गज की दूरी से जबरदस्त चिप लगाई और गोलकीपर को परास्त कर 64वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने टूर्नामेंट का अपना तीसरा गोल स्कोर किया।पूर्ण समय की सीटी 1–1 पर बजने से मैच सीधे पेनल्टी शूट आउट में चला गया क्योंकि टूर्नामेंट के इस चरण में अतिरिक्त समय नहीं खेला जाता है।पेनल्टी शूटआउट देखना रोमांचकारी था क्योंकि दोनों पक्ष अपने विरोधियों को प्रतिबिंबित कर रहे थे। दोनों टीमों ने अपना पहला, तीसरा और पांचवां प्रयास भुनाया, जबकि साथ ही अपने दूसरे और चौथे शॉट को चूक गए, जिससे शूटआउट सडन डेथ में चला गया।

विल्कर एंजेल का पेनल्टी मैक्सिम क्रेप्यू ने बचा लिया और इस्माइल कोन ने शूटआउट 4–3 से जीतने का अगला मौका भुनाने में कोई गलती नहीं की।जेसी मार्श की टीम टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार खेल रही है और अब वह टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में है जहां उनका मुकाबला अर्जेंटीना से होगा। यह कनाडाई फुटबॉल के लिए एक अच्छा संकेत है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा 2026 फीफा विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करने वाले हैं।

# दुनिया की पहली पेट्रोल़सीएनजी मोटरसाइकिल लाच, 1किलो में 115किमी दौड़ेगी, जानिए कीमत और फीचर्स



नई दिल्ली ,06 जुलाई। भारतीय बाजार में बजाज आटो ने दुनिया की पहली पेट्रोल़सीएनजी मोटरसाइकल को लॉन्च कर दिया है। दुनिया की इस पहली सीएनजी बाइक का नाम फ्रीडम है। इस बाइक को मार्केट में उतारने से पहले ये बाइक 11 अलग–अलग सेफ्टी टेस्ट को पार कर चुकी है।

फ्रीडम 125 सीएनजी के फीचर्स

बजाज फ्रीडम में 125सीसी सिंगल–सिलिंडर इंजन है जो पेट्रोल और सीएनजी दोनों पर चल सकता है। सीएनजी टैंक को सीट के नीचे फिट किया गया है। इंजन 9.5 पीएस और 9.7 एनएम का पीक टॉर्क देता है। सिर्फ सीएनजी सिलेंडर को फुल करने के बाद इसे 230किमी तक दौड़ाया जा सकता है। यानी 1किमी में ये 115किमी का माइलेज देगी। वहीं, पेट्रोल और सीएनजी दोनों को मिलाकर 330किमी तक दौड़ेगी। कंपनी के मुताबिक इसमें सबसे बड़ी सीट मिलती है। जिसकी ऊंचाई 785 मिमी है। ये सीट इतनी लंबी कि 2 लोग आराम से बैठ सकते हैं। इसमें मजबूत रोबस ट्रेलेस फ्रेम दी हैं। मोटरसाइकिल में रुश्वष्ठ हेडलैम्प के साथ डुअल कलर ग्राफिक्स मिलते है। जिससे ये देखने में बेहद अट्रैक्टिव हो जाती है।

इस मोटरसाइकिल को 3 वैरिएंट में लॉन्च किया गया है। इसमें ह्त्र04 डिस्क रुश्वष्ठ, ह्त्र04 ड्रम रुश्वष्ठ और ह्त्र04 ड्रम शामिल हैं। इसके ह्त्र04 डिस्क रुश्वष्ठ की एक्स–शोरूम कीमत 1.10 लाख रुपए, ह्त्र04 ड्रम रुश्वष्ठ की एक्स–शोरूम कीमत 1.05 लाख रुपए और ह्त्र04 ड्रम की एक्स–शोरूम कीमत 95 हजार रुपए है।

कंपनी ने इसे 7 कलर्स में लॉन्च किया है। लॉन्चिंग के साथ इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। इसे ऑनलाइन या फिर कंपनी के डीलर के पास जाकर भी बुक कर सकते हैं। सबसे पहले इसकी डिलीवरी महाराष्ट्र और गुजरात में शुरू होगी।

# ग्रेटर नोएडा में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप से 25 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार



लखनऊ ,06 जुलाई। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बन रही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप से 25,000 रोजगार सृजन का दावा सरकार कर रही है। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से 11 किलोमीटर दूर अजायबपुर रेलवे स्टेशन के करीब इस टाउनशिप का विकास किया जा रहा है। यह क्षेत्र नोएडा मुख्य शहर से भी मात्र 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

747.50 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के हो रहे विकास में से 332.52 एकड़ क्षेत्र में इंडस्ट्रियल, 72.86 एकड़ में ग्रुप हाउसिंग व ईडब्ल्यूएस रेजिडेंशियल तथा 38.15 एकड़ में कमर्शियल लैंड यूज की गतिविधियां संचालित होंगी। वहीं, 300.97 एकड़ एरिया का विकास सेक्टर व साइट लेआउट प्लान रोड्स, साइकिल ट्रैक, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग्स व हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में विकासशील इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप दिल्ली–मुंबई औद्योगिक गलियारे के लिहाज से एक प्रमुख परियोजना है, जिसे विश्व स्तरीय मानकों के साथ डिजाइन किया गया है। नए जमाने की कार्यशैली के अनुसार यहां कार्यक्षमता व सौंदर्य के बीच संतुलन बनाया गया है। वैसे, परियोजना के अंतर्गत इंडस्ट्रियल पॉकेट रीजन में पहले से ही कई बड़े प्लांट्स संचालित हैं। इसके जरिए हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा यह क्षेत्र मोबाइल कम्पोनेंट्स व इलेक्ट्रानिक आइटम्स के निर्माण क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल इंडस्ट्रियल लैंड यूज के 42 प्लॉट्स में से 17 बड़े प्लॉट्स आवंटित किए जा चुके हैं। जबकि, 25 प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाएगी। इसी प्रकार, रेजिडेंशियल के 6 व कमर्शियल के सात प्लॉट्स की भी आवंटन प्रक्रिया को जल्द ही शुरू किया जाएगा। प्रोजेक्ट टाउनशिप के अंतर्गत 240.22 एकड़ क्षेत्र में विभक्त 38 प्लॉट्स की भी आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। इसमें से 10 इंडस्ट्रियल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा।

# प्रियांशु राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में




नई दिल्ली, 06 जुलाई। फॉर्म में चल रहे भारत के प्रियांशु राजावत ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एन्टन्सन को तीन गेमों तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21–11, 17–21, 21–19 से हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

कैलगरी में खेले गए इस मुकाबले को प्रियांशु ने एक घंटे 19 मिनट में जीता।

इससे पहले, उन्होंने सेमीफाइनल की राह में राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क के वर्ल्ड नंबर 24 रासमस गेमके और अंतिम–16 में वर्ल्ड नंबर 33 ताकुमा ओबयाशी को हराया था।

फाइनल में जगह बनाने के लिए अब प्रियांशु का मुकाबला फ्रांस के एलेक्स लानियर से होगा।

# मोबाइल सेवा शुल्कों में बढ़ोतरी पर सरकार ने दी सफाई, बताई वजह

नई दिल्ली ,06 जुलाई। सरकार ने भारत में मोबाइल सेवा शुल्कों में वृद्धि के बारे में हाल ही में चिंताओं को संबोधित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दूरसंचार बाजार कई खिलाड़ियों के साथ आपूर्ति और मांग के आधार पर संचालित होता है। इसमें तीन निजी कंपनियां और एक सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा प्रदाता शामिल है।यहां हम प्राइवेट कंपनियां यानी जीओ, एयरटेल और वीआई की बात कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने टैरिफ प्लान की कीमत बढ़ाई है। वहीं पब्लिक क्षेत्र के प्रोवाइडर में बीएसएनएल को गिना जाता है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यूजर्स को आश्वस्त करता है कि मूल्य निर्धारण स्वतंत्र निकाय द्वारा निर्धारित विनियमों का पालन करते हुए बाजार की ताकतों द्वारा निर्धारित किया जाता है। इसका मतलब है कि सरकार सीधे मूल्य निर्धारण को नियंत्रित नहीं करती है, लेकिन ट्राई उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्षता की देखरेख करती है।

# अगले हफ्ते बाधित रहेंगीं एचडीएफसी की सेवाएंय बैंक ने बताया यह कारण, ग्राहक बरतें ये सावधानी




नई दिल्ली ,06 जुलाई। एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को अपने आगामी सिस्टम अपग्रेड के बारे में सूचित किया है। बैंक ने बताया है कि उसकी कुछ सेवाएं इस दौरान डाउनटाइम से प्रभावित रहेंगी। बैंक के अनुसार यह तकनीकी अपग्रेड बैंक के सर्वर की गति को बढ़ाकर खुद को अधिक ट्रैफिक के लिए सक्षम बनाना है। इससे ग्राहकों के लिए बैंकिंग अनुभव बेहतर बनेगा

डाउनटाइम कब होगा?

एचडीएफसी बैंक का निर्धारित डाउनटाइम शनिवार, 13 जुलाई, 2024 को होगा। अपग्रेड उसी दिन सुबह 3रू00 बजे शुरू होगा और शाम 4रू30 बजे समाप्त होगा। बैंक ने असुविधा को कम करने के लिए दूसरे शनिवार को बैंक अवकाश का दिन चुना है। बैंक ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे अपनी बैंकिंग गतिविधियों की योजना पहले से बना लें। कौन सी सेवाएं अप्रभावित रहेंगी नकद निकासीरू आप अपने एचडीएफसी बैंक डेबिट कार्ड (प्रतिबंधित सीमा तक) या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किसी भी एटीएम से नकदी निकाल सकते हैं।

खरीदारी और भुगतान रू डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई – आप स्वाइप मशीनों पर अपने एचडीएफसी बैंक डेबिट कार्ड (प्रतिबंधित सीमा तक) या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। आप अपने एचडीएफसी बैंक डेबिट कार्ड (प्रतिबंधित सीमा तक) और क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन खरीदारी कर सकते हैं, जिसमें पेजैप भी शामिल है। सेवारू शनिवार, 13 जुलाई, 2024 को सुबह 3रू00 बजे से 3रू45 बजे तक और सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.45 बजे के बीच के समय को छोड़कर उपलब्ध रहेगी।

कार्ड प्रबंधनरू आप अपने कार्ड को हॉटलिस्ट कर सकते हैं, अपना पिन रीसेट कर सकते हैं और कार्ड से संबंधित अन्य गतिविधियां कर सकते हैं। व्यापारी भुगतानरू व्यापारी कार्ड के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अपग्रेड के बाद खाता अपडेट उपलब्ध होंगे।

सेवाएं जो उपलब्ध नहीं होंगी

एचडीएफसी बैंक खाताधारकों के लिए, निम्नलिखित यूपीआई सेवाएं सुबह 3रू00 बजे से 3रू45 बजे तक और सुबह 9रू30 बजे से दोपहर 12रू45 बजे तक उपलब्ध नहीं होंगी। पैसे भेजना और प्राप्त करना व्यापारी भुगतान (त्तक्र या ऑनलाइन) बैलेंस पूछताछ पिन सेट करना या बदलना परेशानी से बचने के टिप्स शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024 को शाम 7रू30 बजे से पहले अग्रिम रूप से पर्याप्त धनराशि निकाल लें। किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने सभी फंड ट्रांसफर की योजना पहले से बना लें क्रेडिट कार्ड का अग्रिम भुगतान 12 जुलाई, 2024 को या उससे पहले करें (यदि बकाया बिल देय तिथि 12 या 13 जुलाई है।)

# आरबीआई ने पांच बैंकों पर की कार्रवाई, पीएनबी पर 1. 31 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली ,06 जुलाई। जुलाई के पहले सप्ताह में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और चार अन्य बैंकों पर आरबीआई के विभिन्न निर्देशों का पालन न करने के लिए जुर्माना लगाया। पीएनबी पर 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावे गुजरात राज्य कर्मचारी सहकारी बैंक, गुजरातय रोहिका सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक, मधुबनी, बिहारय राष्ट्रीय सहकारी बैंक, मुंबई, महाराष्ट्रय और बैंक कर्मचारी सहकारी बैंक, पश्चिम बंगाल चार अन्य बैंक हैं जिन पर आरबीआई ने जुर्माना लगाया था।

# आम्रपाली दुबे का नया गाना हो रहा लोकप्रिय



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में यूं तो कई एक्ट्रेसेज लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं लेकिन आम्रपाली दुबे की जब बात आती है तो बात कुछ और ही हो जाती है। उनकी खूबसूरती और अंदाज का हर कोई दीवाना है। फिलहाल उनका मरून कलर सड़िया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इस बीच आम्रपाली का नया गाना रिलीज हुआ है जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर आम्रपाली दुबे का यह गाना धूम मचा रहा है और हर कोई उनके साथ रखने के लिए मजबूर हो रहा है।

दरअसल आम्रपाली दुबे का गाना कजरवा ये राजा जी 25 जून को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। इसके बाद अब उनके फैंस लगातार इसे देख रहे हैं और पसंद कर रहे हैं। गाने को एक ही दिन में 67 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। गाने को शिवानी सिंह ने आवाज दी है और इसका म्यूजिक भी काफी जबरदस्त है। इस गाने में आम्रपाली दुबे और परवेश लाल यादव की जोड़ी को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। कजरवा ये राजा जी गाने में आम्रपाली दुबे और परवेश लाल यादव पति–पत्नी के तौर पर दिख रहे हैं जिसमें दोनों अपने प्यार की कहानी को बयां कर रहे हैं। आम्रपाली दुबे गाने में गुलाबी साड़ी में काफी शानदार दिख रही हैं। साथ ही कहती हैं कि उन्होंने पति के लिए साज श्रृंगार किया है। कुल मिलाकर वो अपने पति को खुश करने की कोशिश कर रही हैं। **(हिफी)**

# वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स फिल्म के नाम से उठा पर्दा, अल्फा में सुपर-एजेंट बन धमाल मचाएंगी आलिया और शरवरी वाघ

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं. उनके साथ इस फिल्म में इंडस्ट्री की उभरती हुई स्टार और वाईआरएफ की होमग्रोन टैलेंट शरवरी भी शामिल होंगी. दोनों स्पाई यूनिवर्स में सुपर–एजेंट की भूमिका निभाएंगी और ये साफ है कि आदित्य चोपड़ा इन्हें अपने स्पाई यूनिवर्स की अल्फा गर्ल्स बनाने के लिए एकदम तैयार हैं.

यशराज फिल्म्स ने फिल्म के टाइटल के साथ पहला वीडियो भी रिवील कर दिया है. इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है. अल्फा का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गया. वाईआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं. फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी.

स्पाई यूनिवर्स मूवी टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में आलिया भट्ट कहती हैं, ग्रीक अल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोट्टो.. सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर. ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और जंगल में हमेशा राज करेगा अल्फा.

आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म को एक्शन से भरपूर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. अल्फा का निर्देशन शिव रावल कर रहे हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर ग्लोबल स्ट्रीमिंग



सीरीज द रेलवे मेन का भी निर्देशन किया था, जिसे यशराज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया था. प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स आज भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा आईपी बन गया है. इस स्पाई यूनिवर्स की सभी फिल्में – एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 ब्लॉकबस्टर साबित हुई है.

आलिया–शरवरी की अल्फा आदित्य चोपड़ा की अगली बड़ी पेशकश है, जो इस समय वॉर 2 भी बना रहे हैं, जिसमें ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर लीड रोल में हैं. इस फेमस ब्लॉकबस्टर यूनिवर्स की अगली फिल्म पठान 2 होगी, जिसके बाद टाइगर बनाम पठान आएगी.



# बाडीकान ड्रेस पहने दिखीं श्रद्धा दास, एक्ट्रेस पर से नहीं हटी फैंस की नजरें

साउथ इंडस्ट्री की एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपनी हॉट फोटोज को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। वो आए दिन अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस श्रद्धा दास आए दिन अपनी लेटेस्ट हॉट पोस्ट शेयर कर अक्सर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।उनका गॉर्जियस अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं।

इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने फोटोशूट के दौरान बॉडीकोन गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और साथ ही लाइट मेकअप और न्यूड लिप शेड लगाकर एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। श्रद्धा दास जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स कर के अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

हालांकि इन तस्वीरों में भी आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा – सो गॉर्जियस और दूसरे ने कॉमेंट करते हुए लिखा– टू मच हॉट। ऐसे ही एक के बाद एक कर के लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# अक्षय कुमार की सरफिरा का गाना छावत जारी, श्रेया घोषाल ने दी अपनी आवाज



बड़े मियां छोटे मियां के बाद अब अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।इस फिल्म में अक्षय की जोड़ी पहली बार राधिका मदान के साथ बनी है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है।मार उड़ी और खुदाया के बाद अब निर्माताओं ने सरफिरा का तीसरा गाना छावत जारी कर दिया है, जिसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।इस गाने के बोल मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं।

अक्षय ने गाना साझा करते हुए लिखा, वीर और रानी– दो सरफिरे, एक शादी और ढेर सारा प्यारा। छावत के साथ खुशियों का जश्न देखें।सरफिरा दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरु की आधिकारिक हिंदी रीमेक है।इस फिल्म में परेश रावल और सीमा बिस्वास भी अहम भूमिकाओं में हैं।

बता दें, सरफिरा दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु की ऑफिशियल हिंदी रीमेक है। सोरारई पोटरु में सुपरस्टार सूर्या लीड रोल में दिखाई दिए थे और इसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। उम्मीद जताई जा रही है कि अक्षय कुमार स्टारर सिरफिरा को भी दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास भी अहम भूमिकाओं में हैं। सिरफिरा 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म के साथ साउथ सुपरस्टार कमल हासन की इंडियन 2 भी सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# रब से है दुआ में आइस स्लैब सीक्वेंस की शूटिंग के लिए लगाना पड़ा सरसों का तेल' येशा रुघानी




एक्ट्रेस येशा रुघानी ने शो रब से है दुआ में आइस स्लैब सीक्वेंस शूटिंग के अपने रोमांचक एक्सपीरियंस को शेयर किया और बताया कि सीन की शूटिंग के बाद हॉट वाटर बैग की जरूरत पड़ती थी।

हाल के एपिसोड में, दर्शकों ने मन्नत (सीरत कपूर) और फरहान (आरव मल्होत्रा) को इबादत (येशा) को प्रताड़ित करते हुए देखा, ताकि वह मन्नत की फरहान के साथ भागने के प्लान के बारे में किसी को भी न बता सके। वह इबादत को किडनैप कर लेते हैं। उसे गले में रस्सी बांधकर बर्फ की स्लैब पर लटका दिया जाता है।

इस स्पेशल सीक्वेंस की शूटिंग येशा और टीम के लिए एक चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि एक्टर की सुरक्षा को ध्यान में रखना सबकी प्राथमिकता थी।

येशा ने कहा, बर्फ की स्लैब पर शूटिंग करना कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। यह मेरे लिए बहुत रोमांचक एक्सपीरियंस था। मेरी टीम ने पूरे समय काफी मेहनत की। जब मैंने शुरुआती कुछ शॉट्स के लिए बर्फ की स्लैब पर कदम रखा, तो मुझे लगा, हे भगवान, मैं जम रही हूं क्योंकि कुछ ही मिनटों में मेरे पैर सुन्न होने लगे थे।

उन्होंने कहा, यही नहीं, इस सीन में मेरे हाथ भी बंधे हुए थे, जिसकी वजह से यह और भी ज्यादा मुश्किल हो रहा था। जब आप बर्फ की एक सिल्ली पर खड़े होते हैं, तो आपके शरीर का तापमान बदल जाता है और आपके पैर सुन्न हो जाते हैं। यह देखने के लिए कि इसका असर हमारी सेहत पर न पड़े, हमें सरसों का तेल लगाने के लिए कहा गया, हमने वह भी किया।

येशा ने आगे कहा, सीक्वेंस की शूटिंग के बाद, मैं हॉट वॉटर बैग लेकर बैठती थी। हमारे डायरेक्टर राज, यूसुफ सर के साथ हर समय अलर्ट थे, जिन्होंने हर चीज की निगरानी की और सुनिश्चित किया कि हम ठीक हैं। हम इस सीन को पूरा करने में सफल रहे। उम्मीद है कि दर्शकों को यह रोमांचक सीक्वेंस पसंद आएगा।

# सामंथा ने खतरनाक इलाज के मामले में सफाई दी



सामंथा रुथ प्रभु ने डॉक्टरों द्वारा खतरनाक इलाज के तरीकों का प्रचार करने के लिए उनकी आलोचना किए जाने के बाद सफाई दी है। उन्होंने वायरल इनफेक्शन के इलाज के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड नेबुलाइजेशन की सलाह दी और इलाज लेते हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की। उनकी पोस्ट ने डॉ. साइरिएक एबी फिलिप्स उर्फ द लिवर डॉक्टर का ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक का सेहत पर अच्छा असर पड़ता है और एक्ट्रेस की आलोचना करते हुए उन्हें स्वास्थ्य और साइंस के बारे में अनपढ़ कहा। सामंथा ने कहा पिछले कुछ सालों में मुझे कई अलग–अलग प्रकार की दवाएं लेनी पड़ी हैं। मैंने वह सब कुछ आजमाया है जिसकी मुझे सलाह दी गई थी। जैसा कि पेशेवर डॉक्टर्स ने सलाह दी और मेरे जैसे आम व्यक्ति के लिए जितना संभव हो सके उतना आत्म–शोध करने के बाद। इनमें से कई उपचार बहुत महंगे भी थे। मैं हमेशा यह सोचती रहती थी कि मैं कितनी भाग्यशाली हूं कि मैं इसका खर्च उठा सकती हूं और उन सभी के बारे में भी जिनकी पहुंच से ये सब बाहर है। पारंपरिक उपचार मुझे फायदा नहीं दे रहे थे। इस बात की पूरी संभावना है कि यह सिर्फ मेरे साथ हुआ हो और मुझे यकीन है कि ये दूसरों के लिए भी बहुत कारगर साबित होंगे। इन दो कारकों ने मुझे वैकल्पिक उपचारों और उपचारों के बारे में भी पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कई बार कोशिश करने के बाद, मुझे ऐसे उपचार मिले जो मेरे लिए बहुत कारगर साबित हुए। ऐसे उपचार जिनकी कीमत भी पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा पर खर्च किए जाने वाले खर्च से बहुत कम थी।" उन्होंने आगे कहा, मैं इतनी भोली नहीं हूं कि किसी इलाज की जोरदार वकालत करूं। मैंने सिर्फ अच्छे इरादे से सुझाव दिया है क्योंकि पिछले कुछ सालों में मैंने बहुत कुछ झेला है और सीखा है। खास तौर पर यह कि इलाज आर्थिक रूप से बहुत महंगा हो सकता है और कई लोग इसका खर्च नहीं उठा पाएंगे। आखिरकार, हम सभी शिक्षित डॉक्टरों पर निर्भर रहते हैं।

यह इलाज मुझे एक उच्च योग्यता प्राप्त डॉक्टर ने सुझाया था जो एमडी हैं और जिन्होंने 25 साल तक डीआरडीओ में काम किया है। उन्होंने पारंपरिक चिकित्सा में अपनी सारी शिक्षा के बाद वैकल्पिक उपचार की वकालत करना चुना। अभिनेत्री ने कहा "एक सज्जन ने मेरे पद और मेरे इरादों पर बहुत कड़े शब्दों में हमला किया है। वह सज्जन भी एक डॉक्टर हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे मुझसे ज्यादा जानते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि उनके इरादे नेक थे। अगर वे अपने शब्दों से इतने भड़काऊ नहीं होते तो यह अच्छा होता। खास तौर पर वह हिस्सा जहां उन्होंने सुझाव दिया

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)